
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08
सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं बॉलीवुड की ये अभिनेत्रियां



WWW.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 03 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 74, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

## कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण ना देने समेत तीन गारंटी देश को लिखित में दे : पीएम मोदी

### आतंकियों का निर्यातक पाकिस्तान आज आंटे के आयात के लिए दर दर भटक रहा है : प्रधानमंत्री

एजेंसी | आणंद

चुनावी दौरे के दूसरे दिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य गुजरात के आणंद में विजय विश्वास जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस समेत विपक्ष पर कड़े प्रहार किए| पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण ना देने समेत तीन गारंटियां लिखित में देश को दे| सरदार पटेल की जन्म भूमि पर उन्हें याद करते हुए पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि आणंद और खेडा चुनाव में सारे रिकार्ड ध्वस्त कर देंगे| कांग्रेस पर प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उसके शासन में देश और गरीबों के साथ काफी अन्याय हुआ| म पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाले स्वयं संविधान बदलना चाहते हैं| सरदार पटेल की भूमि से मोदी ने कांग्रेस से देश को तीन लिखित गारंटियां देने को कहा| पहली, कांग्रेस संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देगी| दूसरी एससी, एसटी, ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में कोई फेबदल नहीं करेगी ना ही उसे खत्म करेगी और तीसरी जिस राज्य में कांग्रेस या उसके



सहयोगी दल की सरकार है वह वोट बैंक की राजनीति नहीं करेगी| कांग्रेस ने एसएसी, एसटी और ओबीसी को अंधेर में रख है| कांग्रेस ने पिछड़े आयोग के लिए सभी प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है| एससी, एसटी और ओबीसी आज भाजपा की बड़ी ताकत है 'आधी रोटी खायेंगे, इंदिरा को लायेंगे' के नारे लगाने वाले कांग्रेस को छोड़कर मोदी के साथ आ चुके हैं| आज भाजपा में सबसे ज्यादा एसटी, एससी और ओबीसी के सांसद और विधायक हैं| मंत्रिमंडल में भी इन्हीं समाज के 60 प्रतिशत मंत्री हैं| मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़े वोट बैंक अल्पसंख्यक है, खासकर मुसलमान हैं| कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है और वह संविधान बदलना चाहती है| कांग्रेस अपनी खास वोट बैंक को आरक्षण देने चाहती है| एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है| पीएम मदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की एक और पोल उसके ही एक नेता ने खुल कर रख दी है| इस नेता ने 'वोट जिहाद' का आह्वान किया है| अब तक लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था, लेकिन अब वोट जिहाद का नारा लगने लगा है| उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का इरादा बहुत खतरनाक है, जिससे हमें सतर्क रहना होगा| इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले पाकिस्तान की देश में चर्चा होती थी| आज पाकिस्तान के आतंकवाद का टायर पंक्चर हो चुका है| जो देश कभी आतंकियों का निर्यात करता था वह आज आंटे के आयात के लिए दर दर भटक रहा है| जिस पाकिस्तान के हाथ में कभी बम-गोले हुआ करते थे उसके हाथ में आज भीख कटोरा है|

### आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी

**बनासकांठा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले दिन वे शाम 4.30 बजे बनासकांठा के डीसा शहर पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज कांग्रेस कहती है कि बीजेपी 400 सीटें इसलिए मांग रही है, जिससे कि आरक्षण खत्म कर सके। जबकि ही धर्म के आधार पर कांग्रेस ही एसटी, एससी, ओबीसी और पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। पीएम ने कहा कि ये लोग कर्नाटक में यह प्रयोग कर चुके हैं। कर्नाटक में रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ये लोग ऐसा पूरे देश में करना चाहते हैं। जब तक बीजेपी है, जब तक मोदी है, एसटी एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लोगों को जो आरक्षण मिला है, वह कोई नहीं छीन सकता। पीएम ने आगे कहा कि मैं शहजादे और उनके गाजे-बाजे की जमात को चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो वे कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। ऐसी घोषणा सभी के सामने आकर कर दें।

**मुहब्बत की दुकान में बने रहे फेक वीडियो** : फेक वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हुआ और दूसरे चरण में ध्वस्त हो गया। ये लोग मुहब्बत की दुकान चलाने निकले थे। लेकिन दुकान में फेक वीडियो बनाने का काम शुरु कर दिया। इन लोगों ने इतने साल देश पर राज किया। इनके इतने सारे प्रधानमंत्री रहे। फिर भी आज इनकी लोगों को सामने जाने की हिम्मत नहीं है।

## मई का पहला सप्ताह लोगों को कर रहा कूल-कूल, गर्मी से मिली राहत

### आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश की भी संभावना

एजेंसी | नई दिल्ली



गर्मी ने अप्रैल माह में लोगों को खूब तपाया। गर्मी से परेशान लोगों को मई माह के शुरुआत में कुछ राहत हुई है। दिल्ली यूपी समेत कुछ राज्यों में मई का पहला वीक गर्मी से राहत देने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार मई के शुरुआत में दिल्ली के लोगों को ज्यादा गर्मी नहीं झेलनी पड़ेगी। इसके साथ ही आसमान में बादल छाने के साथ ही बारिश भी हो सकती है । दिल्ली में गर्मी से राहत का दौर बुधवार से शुरू हो गया है। आज भी दिल्ली गर्मी से तपिश कम है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है दिल्ली में 4 से 7 मई तक बादल छाए रहेंगे साथ ही बारिश भी होने की संभावना है जिससे दिल्ली का न्यूनतम तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर और उत्तराखंड के कई इलाकों में कुछ दिनों से बारिश हो रही है। ऊंचाइयों वाले क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है। जिसके कारण दिल्ली सहित अन्य मैदानी इलाकों में गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि चार मई से पहाड़ों इलाकों में बारिश हो सकती है जिससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी। यूपी की बात करें तो यहां भले ही अभी भीषण गर्मी है लेकिन आने वाले दिनों में यहां बारिश होने की संभावना है। लखनऊ में बुधवार को लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, आज और कल दिन रात के तापमान में बदलाव के आसार नहीं हैं। इसके बाद पांच से सात मई के बीच बारिश की संभावना है। मई के पहले सप्ताह में भले ही गर्मी से राहत मिल जाए लेकिन बचे मई के आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों को परेशान करने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और लू भी चल सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युजंय महापात्र ने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ भागों, आंतरिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है जो सामान्य से अधिक है।

## ख़ास ख़बर

### कोविड-19 वैक्सीन प्रमाणपत्र से क्यों हटी पीएम मोदी की तस्वीर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को हटाकर कोविड 19 टीकाकरण के लिए कोविन प्रमाणपत्रों में एक उल्लेखनीय बदलाव किया है। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण पीएम की छवि हटा दी गई। पहले इन प्रमाणपत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ-साथ कोरोना वायरस पर विजय पाने के लिए भारत के सामूहिक संकल्प की पुष्टि करने वाला एक उद्धरण भी शामिल था जिसमें लिखा था, एक साथ मिलकर, भारत कोविड-19 को हरा देगा। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर और नाम अब इन प्रमाणपत्रों से हटा दिया गया है। जिसके बाद कई यूजर्स ने अनुमान लगाया कि वैक्सीन सर्टिफिकेट में बदलाव कोविशील्ड के साइड इफेक्ट्स की वजह से किया गया, जिसे एस्ट्राजेनेका के साथ एक लाइसेंसिंग समझौते के तहत सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित किया गया था। भारत में कई लोगों ने अपने टीकाकरण प्रमाणपत्रों की जांच की है। सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार इसकी चर्चा कर रहे हैं कि अब कोविन प्रमाणपत्रों में पीएम मोदी की तस्वीर नहीं है। इस मामले पर कई यूजर्स ने ट्वीट भी किए हैं।



### सिसोदिया ने जमानत के लिए लगाई याचिका, कोर्ट ने की मंजूर सुनवाई कल



**नई दिल्ली**। कथित आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद दिल्ली से पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और एक याचिका दायर कर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया है। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। सिसोदिया की ओर वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता एक विधायक है। उन्होंने अदालत से जमानत की मांग करने वाली दोनों याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। निचली अदालत में दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। निचली अदालत ने 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

## भ्रष्टाचारियों का कुनबा बना इंडी गठबंधन आधे बेल पर व आधे जेल में : जेपी नड्डा



एजेंसी | पटना/अररिया

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने राजद का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज व दलदल बताया। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। ये लोग हर तरह का हथकंडा अपनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को राम विरोधी और देश विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को राम मंदिर के परेशानी थी। मोदी के प्रयास से राम मंदिर बनवाया गया। नरेन्द्र मोदी देश की सेवा दस साल से कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है तो दूसरी आरे राजद और कांग्रेस है, यह परिवार कुशासन की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त अमेरिका भी समझ नहीं पाया कि लॉकडाउन लगाए या हटाएं, लेकिन मोदी ने कड़ाई से लॉकडाउन का पालन कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि लालू यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। ये कैसी जुगलबंदी है। लालू यादव ने कभी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हुए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठा रहे थे। ये लोग लोगों को गुमराह करते रहे और खुद चुपचाप जाकर वैक्सीन लगवा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के आम जनों की सेवा की है। अररिया में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। ये मुझे आश्वस्त कर रहा है कि आपने प्रदीप सिंह को तीसरी बार सांसद बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने कहा कि वह दो बार से सांसद हूं। अररिया में 400 पुल, 1000 किमी रोड बनवाया है।

### मोदी ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ सिंह



**पटना/सारण**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं। राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए। उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं।

## पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने थामा कांग्रेस का हाथ

**पटना**। राष्ट्रीय जनता दल से अनबन के चलते तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने पत्नी समेत कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सागर कोई और नहीं बल्कि वही शख्स हैं जिन्होंने देश का पहला ग्रीन कॉरिडोर शुरु किया। एक समय में लालू के बेहद करीबी माने जाने वाले सागर ने अब उनसे दूरी बना ली है और बुधवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। बिहार के जहानाबाद जिले के मूल निवासी करुणा सागर भूमिहार जाति से आते हैं। देश के सम्मानित आईपीएस अधिकारियों में उनका शुमार होता है। करुणा सागर राजद से नाता तोड़कर कांग्रेस में ऐसे वक्त में शामिल हुए जबकि दोनों ही पार्टियां इंडिया एलायंस का हिस्सा हैं और एक साथ



लोकसभा चुनाव में उतरी हुई हैं। इसलिए उनके दल बदल से किसी को कोई खासा नुक्सान होने वाला नहीं है। यहां कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करे के बाद करुणा सागर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ ही बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भारत-इंडोनेशिया क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर 03 मई को नई दिल्ली में करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली**। भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 03 मई को नई दिल्ली में होगी। बैठक की सह अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे। 2018 में भारत-इंडोनेशिया मित्रता को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच 2001 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग समझौते में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और साझा हित के मामलों का पता लगाने एवं उन्हें चिन्हित करने, स्वीकृत सहकारी गतिविधियों को शुरू करने, समन्वय करने, निगरानी करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए जेडीसीसी की स्थापना की गई थी।

### जज शनिवार-रविवार को भी काम करते हैं उन्हें छुट्टी नहीं मिलती

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जो लोग यह सोचते हैं कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को लंबी छुट्टी मिलती है लेकिन वह यह नहीं जानते कि जजों को शनिवार और रविवार को भी काम करना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल से संबंधित एक मामले की सुनवाई चल रही थी तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुरुवार को सुनवाई की जाए और यह भी कहा कि दोनों पक्ष गर्मी की छुट्टी से पहले अपनी दलील पूरी करें। पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा है कि सीबीआई राज्य की इजाजत के बगैर मामले की जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर आगे सुनवाई करेगा। इस मामले में हाई कोर्ट के फैसले को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। इसी दौरान छुट्टी का मसला उठा।

## शाह के एडिटेड वीडियो मामले में पुलिस ने दिखाई तेजी, यहां योगी की डीप फेक क्लिप हुई वायरल

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो शेयर किए जाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने खासा तेजी दिखाई है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की साइबर टीम (आईएफएसओ) एक बार फिर तेलंगाना पहुंची है। सूत्रों की मानें तो आज गुरुवार को तेलंगाना कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पुलिस टीम कार्रवाई के लिए पहुंच सकती है। यहां पुलिस कार्रवाई हो रही है वहीं एक अन्य खबर है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी डीप फेक वीडियो वायरल हुआ है। इसे लेकर यूपी पुलिस एक्शन में नजर आई है। गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो शेयर किए जाने के बाद से ही दिल्ली पुलिस एक्शन



मोड में है। इसी सिलसिले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर टीम एक बार फिर तेलंगाना पहुंच गई है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस टीम तेलंगाना कांग्रेस प्रदेश कार्यालय भी जा सकती है। कांग्रेस से जुड़े 4 पदाधिकारियों को दोबारा नोटिस थमाया जा सकता है, इसके साथ ही इनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी मांगे जा सकते हैं।

**सामने आया योगी का डीप फेक वीडियो** : एक तरफ गृह मंत्री शाह के फेक वीडियो को लेकर कार्रवाई चल रही है तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर खबर आई कि उनका भी डीप फेक वीडियो वायरल हो गया है। इसके बाद यूपी पुलिस भी फौरी तौर पर एक्शन में आ गई है। इस मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए यूपी पुलिस ने नोएडा से वीडियो वायरल करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 1 मई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने मुख्यमंत्री योगी की एआई जनरेटेड एक डीप फेक वीडियो अपलोड कर वायरल कर दिया था। इस पर भ्रामक तथ्य फैलाने और राष्ट्रविरोधी ताकतों को बल प्रदान करने का आरोप लगा। इसे देखते हुए यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने 1 मई को साइबर क्राइम थाना नोएडा में मामला दर्ज करवाया था।

## गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई फिर बनाने जा रहे रिकॉर्ड

एजेंसी | नई दिल्ली

गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर पहुंचने वाली है। पिचाई बिलिनेयर लिस्ट में शामिल होने वाले दुनिया के पहले नॉन-फाउंडर टेक एग्जीक्यूटिव होंगे। पिचाई साल 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। उसके बाद से कंपनी के स्टॉक में 400 प्रतिशत से अधिक तेजी आई है। एसएंडपी और नसदाक की तुलना में इस शेयर का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। शुक्रवार को कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस दौरान कंपनी की इनकम उम्मीदों से बेहतर रही है। इससे कंपनी का शेयर नए रेकॉर्ड पर पहुंच गया। क्लाउड कंप्यूटिंग यूनिट में एआई ड्रिवन ग्रोथ से कंपनी की इनकम बढ़ी है। कंपनी ने अपने इतिहास

### • होंगे दुनिया के पहले नॉन-फाउंडर टेक एग्जीक्यूटिव



में पहली बार लाभांश भी दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक पिचाई की नेटवर्थ एक अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है। कंपनी के शेयरों में तेजी और शानदार स्टॉक अवॉर्ड के दम पर पिचाई दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जीक्यूटिव्स में शामिल हैं। 51 साल के पिचाई को साल 2015 में गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज ने गूगल का सीईओ बनाया था। तब पेज कंपनी की नवगठित होल्डिंग कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बने थे। साल 2019 लैरी पेज और को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन ने खुद को डे-टु-डे कामों से अलग करने का फैसला किया था। तब पिचाई को अल्फाबेट के सीईओ की पोस्ट भी मिल गई। पेज और ब्रिन दुनिया के टॉप 10 अमीरों में शामिल हैं। पेज 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के छठे बड़े रईस हैं जबकि ब्रिन 139 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं।पिचाई अमेरिका में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ हैं। उन्हें साल 2022 में 22.6 करोड़ डॉलर की सैलरी मिली। अगर भारतीय रुपयों में देखें तो यह 18,84,39,13,900 रुपये बैठती है। यानी पिचाई को पिछले साल रोजाना 5,16,27,161 रुपये मिले थे। पिचाई ने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले पिचाई का बचपन संघर्षों में गुजरा।

## स्पेक्ट्रम का बिना नीलामी आवंटन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार ने कुछ स्पेक्ट्रम की बिना नीलामी के आवंटन की अनुमति देने वाली केंद्र की अर्जी नामंजूर कर दी। सरकार ने 22 अप्रैल को 2012 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्पष्टीकरण के लिए याचिका लगाई थी।कोर्ट रजिस्ट्रार ने कहा कि सरकार स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में आदेश की समीक्षा की मांग कर रही है। यह गलत है। विचार का कोई उचित कारण नहीं है। याचिका में सरकार ने 2G मामले के फैसले को स्पष्ट करने का अनुरोध किया था। साथ ही कहा था कि 2012 के फैसले में कुछ स्थितियों में सार्वजनिक नीलामी के अलावा दूसरे माध्यमों से स्पेक्ट्रम आवंटन पर रोक नहीं है। दरअसल, रजिस्ट्रार याचिका इस आधार पर नामंजूर कर सकता है कि इसमें उचित कारण नहीं है। हालांकि, याची 15 दिन में फिर अपील कर सकता है। यानी केंद्र के पास सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का उपाय है। फरवरी 2012 में 2जी मामले के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि स्पेक्ट्रम जैसे सार्वजनिक संसाधनों का आवंटन सार्वजनिक नीलामी से होना चाहिए।

### बिहार की सियासत में बड़ा सवाल पप्पू यादव कांग्रेस में है या नहीं?

**पटना**। चुनावी अखाड़े में अपनाए जाने वाले सियासी दांव पेंच कई बार बड़े रोचक भी होते हैं। बिहार में पूर्णिया सीट पर इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। यहां से पप्पू यादव कांग्रेस के नेता हैं और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर आखिर तक गहमा-गहमी चलती रही। पप्पू चुनाव के अंतिम दिन तक कांग्रेस का समर्थन प्राप्त होने का दावा करते रहे।अब इस मामले में कांग्रेस ने अपना पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस की ओर से पप्पू को लेकर चौंका देने वाली प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर यह स्पष्ट कर दिया है कि पप्पू यादव ने कांग्रेस की सदस्यता और अपनी पार्टी का विलय नहीं किया है। पूर्णिया से चुनाव लड़ने वाले पप्पू यादव को लेकर पूछे गए सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक जवाब दिया। पूर्णिया सीट महागठबंधन में राजद के खाते में चली गई थी। शर्मा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पप्पू ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है। उन्होंने पटना में सदस्यता पर्ची भी नहीं ली, जो बिहार से पार्टी में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति को लेनी पड़ती है।

# संक्षिप्त समाचार

## भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन का सलाहकार समिति गठित

### अंश चैतन्य जी महाराज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक बने



**पटना** । भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन को सशक्त और जुझारू बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सरकारी एवं गैरसरकारी क्षेत्रों में व्याप्त देश को भ्रष्टाचार मुक्त कराने के लिए कर्मवीरो का एक सलाहकार समिति का गठन किया गया, जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक, अंश चैतन्य जी महाराज, विधि सलाहकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता, राजीव कुमार सैनी, भारतीय किसान खालसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सरदार राजविन्दर सिंह, बिहार प्रेस मेन्स यूनियन और हिन्दू युवा सेना के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष, अनमोल कुमार के अलावे अरबिन्द कुमार और रवि पांचाल को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन और हिन्दू युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक, अंश चैतन्य जी महाराज ने कहा कि सलाहकार समिति के कर्मवीर सदस्य देश को भ्रष्टाचार मुक्त कराने के लिए संघर्ष का मार्ग अपनाएगे। उन्होंने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार जहर की तरह फैल गया है जिसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कठोर दण्ड संहिता बनाना होगा ताकि देश की जनता राहत की सांस ले सके। श्री अंश चैतन्य जी महाराज ने कहा कि मैं और मिशन के सदस्यगण मरते दम तक भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए देश भर में अपना संघर्ष जारी रखेगे। उन्होंने कहा कि नयी सरकार बनते ही एक शिष्टमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए एक स्मार पत्र देगे।

## श्याम बने हिन्दू युवा सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**पटना**। बिहार,से विजय कुमार,सिंह उर्फ श्याम नाथ सिंह पीठाधीश्वर को हिन्दू युवा सेना का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू युवा सेना और भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक अंश चैतन्य जी महाराज ने मनोनीत किया और उन्हें हिन्दू और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन में योगदान देने का दायित्व दिया। श्री श्याम को हिन्दू युवा सेना का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर सर्वश्री राजकिशोर सिंह, उमेश प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष अनमोल कुमार, संजय सिंह, रूनम कुमारी सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए अंश चैतन्य जी महाराज को हार्दिक बधाई दिया।

## गुजरात 64 वा स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवम जंगी मतदान की अपील


### (श्री देवू सिंह चौहान, केंद्रीय राज्य संचार मंत्री)



मतदाता देश के विकास की एक अहम कड़ी होता है। जो पांच वर्षों के लिए देश की कमान अपने द्वारा चुने गए प्रतिनिधि के हाथों में सौंपता है। इस प्रकार अपने देश में एक सही प्रतिनिधि का चयन करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति में मतदान को लेकर जागरूक होना अनिवार्य है। उपर्युक्त बाते श्री देवू सिंह चौहान (केंद्रीय संचार राज्य मंत्र) ने , पर्यावण भवन , वस्त्राल, अहमदाबाद में अहमदाबाद शैक्षणिक संकलन समिति द्वारा मतदान जागृति अभियान में कही, मतदान एवम मतदाता जागरूकता अभियान के महत्व को समझएते हुए उन्होंने कहा कि सांसद की पहली चुनाव वे इसलिए हार गए क्योंकि उनकी ग्रामीण क्षेत्र मतदाता ने NOTA का मतलब नहीं जाना एवम NOTA बटन दबाकर उनकी जीत को हार में बदल दिया। अतः आप सभी शैक्षणिक संस्थानों का संचालन करने वाले अपने शैक्षणिक कर्मचारियों, अभिभावक, छात्र छात्राओं से मतदान को राष्ट्रीय कर्तव्य मानते हुए सतप्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करे। राष्ट्रहित के लिए 'नोटा' का प्रयोग न करें। यह सुनिश्चित करें कि अपने सभी योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य हों तथा मोहल्ले/गांव में सौ प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करावें। मतदान के दिन 'पहले मतदान-फिर कुछ और काम' का संकल्प समाज को दिलाना होगा। सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना आवश्यक है। इस आयोजन में अतिथि विशिष्ठ के रूप में आमंत्रित अहमदाबाद पूर्व के सांसद श्री हसमुख पटेल ने भारत एवम भारत की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जंगी मतदान का आह्वान किया। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना एक अंग्रेज ने किया था अतः कांग्रेस की मानसिकता गुलामी वाली है ,जबकि 1925 की विजयादशमी पर संघ स्थापना करते समय भी डा० हेडगेवार जी का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वाधीनता ही था। संघ के स्वयंसेवकों को जो प्रतिज्ञा दिलाई जाती थी उसमें राष्ट्र की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए तन-मन-धन पूर्वक आजन्म और प्रामाणिकता से प्रयत्नरत रहने का संकल्प होता हैं। आज पूरे विश्व ने सैनिक शासन से लेकर राजतंत्र का शासन देखा लेकिन हमारे देश भारत का लोकतंत्र पूरी दुनिया में एक मिशाल है हम लोकतंत्र के पुजारी ओर रक्षक हैं भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जिसका अर्थ यह है कि यहां की सरकार लोकतंत्र के नियमों के आधार पर चुनी जाती है। लोकतंत्र के नियमों में 5 वर्षों में एक बार चुनाव किया जाता है। 5 वर्षों में एक बार होने वाले इस चुनाव में विशेष भूमिका जनता की रहती है। जनता के मतों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही राष्ट्र का संचालन करते हैं। 5 वर्षों में सरकार चुनने की यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अपना प्रतिनिधि चुनने में जनता स्वयं जिम्मेदार होती है। इसलिए लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का विशेष महत्व है। मतदान की शक्ति को समझना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। कार्यकर्म का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ जिसमे अहमदाबाद शिक्षण संस्थाओं के संचालक, शिक्षाविद, शिक्षक, शिक्षिकओ ने भाग लिया,मतदान जागृति अभियान का आयोजन श्री हितेश पटेल अध्यक्ष अहमदाबाद शैक्षणिक संकलन समिति द्वारा किया गया।

# पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में इस पर क्या होंगे कांटे की टक्कर और जोरदार चाचा भतीजी का मुकाबला

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना**। पाटलिपुत्रा संसदीय क्षेत्र में इस बार क्या होंगे कांटे की टक्कर और जोरदार चाचा- भतीजी मे मुकबला ?भीष्ण गर्मी के साथ साथ धीरे धीरे राजनीति गलियारों मे कई तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है। 1 जून की तारीख जैसे जैसे आगे बढ़ती जा रहा है वैसे वैसे राजनीतिक की बुखार की तरह राजनीतिक पारे भीष्ण गर्मी की थपेड़े की तरह काफी बढ़ा रही है पहले और दूसरे चरण की लोकसभा चुनाव के बाद कई तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है। एनडीए के और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच जोड़ घटाव का दौर चल रहा है सभी अपने-अपने गठबंधनों को जीत के दावे ठोक रहे हैं एक तरफ राजद गठबंधन के छोटे बड़े कार्यकर्ताओ और नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन दोनों चरणों के में हुए मतदान के रुझान के बाद पूरी तरह से एनडीए गठबंधन का सफाई करने जा रही है लगभग सभी सीटों पर जीत के दावे ठोके जा रहे हैं तो दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन के छोटे बड़े नेताओं और राजनीति कार्यकर्ताओं की भी अपनी अलग तरह के दावे हैं वे लोग भी NDA गठबंधन को बीते दोनों चरण के हुए मतदान से आ रहे रुझान के बाद बड़े पैमाने पर जीत के दावे कर रहे है। बीते दोनों चरणों में हुए लोकसभा चुनाव चुनाव के बाद आ रहे आंतरिक रुझानों से राजद गठबंधन के नेताओं के हौसले बुलंद है। इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी राज्यसभा सांसद डॉ मिसा भारती भी अपने अपने कार्यकर्ता हूं और समर्थकों के साथ जोरदार प्रचार अभियान में जुटी हुई है। जोरदार प्रचार एवम जन सम्पर्क अभियानमें जुटे कई राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने को काफी आगे बढ़त बनाए हुए बता रहे हैं। तो दूसरी तरफ NDA गटबंधन के भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद रामकृपाल यादव को इस बार कड़े चुनौती देने की बात कहते है। वही वर्तमान सांसद रामकृपाल यादव को भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि लगातार दो बार से जीते आ रहे हैं, उनकी लोकप्रियता की भी काफी परख होगी? लोकसभा चुनाव को तीसरी बार जितना कम चुनौती नही होगा? क्योंकि तीसरी बार चुनाव जितना भी अपने आप मे चुनौती ही होती हैं, लोगो की अपेक्षाएं भी बड़ी होती हैं, वर्तमान सांसद से लोगो की कई तरह की अपेक्षाएं के साथ साथ उपेक्षाए भी जुड़ी रहती है। उससे पार पाना भी कम जोखिम भरा काम नही होता है? उनकी कार्यो की मूल्यांकन भी लोग करेंगे। वैसे NDA गटबंधन की भी अपनी भी जीत के बड़े दावे है मोदी सरकार और मोदी मैजिक की उम्मीदें से राम के सहारे राम की नैया पार होने की उम्मीदें है। वैसे जो कुछ भी हो बात पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र का आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होने वाले हैं इसकी वजह से दोनों गठबंधन के कार्यकर्ताओं को पर्याप्त समय चुनाव प्रचार प्रसार के लिए मिल रहे हैं ।लेकिन चुनाव प्रचार अभियान पहले दौर के चल रहे इस प्रारंभिक प्रचार प्रसार अभियान में खास करके पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में राजद गटबंधन बढ़त बनाए हुए हैं कार्यकर्ताओं के बीच काफी उत्साह है तो दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन के बीच में अभी तक कोई बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार के अभियान की तस्वीरें सामने नहीं आ रही है जिसे अनुमान लगाया जा सकता है की मनोवैज्ञानिक तौर पर राजद के प्रत्याशी ड़ा मिसा भारती अभी बढ़त बनाई हुई है। जैसे जैसे समय बीतेगा राजनीतिक सर्गर्मिया बढ़ेगी, उतार चढ़ाव की दौर भी आते जाते रहेंगे। हर दिन समीकरण बने बिगड़ेगे, देखना होगा की आखिर मे बाजी किसके हाथ लगती है यह तो वक्त बताएगा। लेकिन इतना तय है की राजनीतिक घमाशान के साथ जीत के अपने अपने दावे प्रति दावे आरोप प्रत्यारोप का दौर भी खूब चलेगा। दोनों गठबंधनों के बीच मतदाताओं भी कम जांच परख नहीं करेंगे? राजद और भाजपा गटबंधन दोनों अपने पारम्परिक मतदाताओं की बहुमत की दावे अपनी ओर कर रहे है लेकिन जो बीच के मतदाता है वह जिस तरफ जाएंगे उसकी उसकी पलड़ा भारी होगी यही परिणाम को प्रभावित भी करेंगे, वे सोच समझ कर जिस तरफ जायेंगे उसकी जीत की सम्भवनाए निश्चित होगी।

**वैसे यह भजन बड़ा ऐसे समय मे मन को बहुत सकूँ और तसली देती हैं ।**

**।। राम जी लगाएंगे बेडा पार उदासी मन काहे को डरे रे।।**

# नंद घर आंदोलन से ज़ुड़े मनोज बाजपेयी

नई सोच एक्सप्रेस

- **नंद घर सामाजिक बदलाव लाने से जुड़ी परियोजना है, जिसका उद्देश्य 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन को बदलना है**
- **सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाना खाया क्या आंदोलन शुरू किया गया**

**पटना**। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ियों में आमूल बदलाव लाने से उद्देश्य से नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ एक राष्ट्रीय आंदोलन – अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया- का अनावरण किया। नंद घर के इस आंदोलन का उद्देश्य है, समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा सुनिश्चित कर भारत की भावी पीढ़ी का पोषण करना। मनोज बाजपेयी का इस आंदोलन में शामिल होने के लिए स्वागत करते हुए, वेदांता के अध्यक्ष, श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, "प्रोजेक्ट नंद घर एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के साथ बच्चों और महिलाओं के समग्र कल्याण का समर्थन करता है। हमें खुशी है कि मनोज बाजपेयी जी ने इस विस्तृत होते आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उनकी निजी जीवन की कहानी हमारी भावी पीढ़ियों के जीवन को पोषित करने और बदलने के नंद घर के उद्देश्य से गहराई से मेल खाती है।'' आज इस दिल छू लेने वाले अभियान के लॉन्च में, मनोज बाजपेयी को एक युवा थिएटर अभिनेता के रूप में अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताते हुए देखा गया और उन्होंने अभिनय के सपने को पूरा करने के दौरान अपने लिए नियमित पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने में दोस्तों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। बाजपेयी ने एक कलाकार के संघर्ष का मार्मिक वर्णन किया है, यह स्वीकार करते हुए कि किसी के सपनों को आगे बढ़ाने की ताकत भरे पेट और पौष्टिक भोजन से आती है। बाजपेयी ने लोगों से www.nandhome.org पर लॉग इन कर अपना समर्थन देने और नंद घर के साथ दान करने, स्वयंसेवक या भागीदार बनने का आग्रह किया। नंद घर के साथ अपने जुड़ाव से उत्साहित, श्री मनोज बाजपेयी ने कहा, "एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो भूख की पीड़ा से गुजरा है, मैं समझता हूं कि इसका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहल बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह न केवल यह सुनिश्चित करती है कि बच्चों को उचित पोषण मिले बल्कि एक उज्जवल भविष्य के लिए आशा, अवसर और अवसर भी मिले। आइए हम सभी नंद घर आंदोलन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हम बच्चों की क्षमता का पोषण करें और साथ मिलकर एक उज्जवल भारत की तैयारी करें।" मेकैन द्वारा परिकल्पित आंदोलन पर अपने विचार साझा करते हुए, मेकैन वर्ल्डग्रुप इंडिया के सीईओ और सीसीओ और अध्यक्ष, एशिया पैसिफिक, श्री प्रसून जोशी ने कहा, "अगर हम अपने बच्चों को उनकी वास्तविक क्षमता का अहसास करने का वास्तविक मौका देना चाहते हैं, तो अच्छा पोषण देना ज़रूरी है। इसे उजागर करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध बेटों और बेटियों को सामने लाया जाए जिन्होंने अपनी यात्रा में इस बाधा का सामना किया है।'' नंद घर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) की प्रमुख परियोजना है और यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। यह अध्यक्ष, अनिल अग्रवाल का सपना है। नंद घर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के क्षण में, हम भारत के 14 राज्यों में नंद घरों में प्री-स्कूलर्स की उपस्थिति बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण के स्तर को कम करने में सफल रहे हैं। पिछले साल, एएएफ ने मल्टी-मिलेट न्यूट्री बार भी लॉन्च किया था जो वर्तमान में वाराणसी में 1364 आंगनबाड़ियों में 3-6 साल के बीच के 50,000 बच्चों को प्रतिदिन वितरित किया जा रहा है। प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर इन बार ने न केवल बच्चों के दैनिक पोषक तत्वों के सेवन में सुधार किया है, बल्कि उनकी आंगनवाड़ी में अनुपस्थित रहने की दर भी कम हुई है।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** - प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक घर घर जाकर मतदाताओ से मिलकर लोगो से मतदान करने का अपील कर रहे है ।फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रघुवीर ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

# बेतिया पश्चिम चंपारण में सांसद प्रत्याशी ने किया नमिनेशन दाखिल किये



नई सोच एक्सप्रेस

- **जिला सम्हर्ता सह जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार राय के समक्ष**

**बेतिया**। काली बाग मंदिर से पद यात्रा कर शहर के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए बडा रमना मैदान पहुंचे जहां जन सभा का आयोजन किया गया था इस दौरान पुर्व मंत्री सह विधायक नारायण साह बिच रास्ते काली बाग मंदिर से चंद कदमों कि दुरी पर गाड़ी से उतर गये बुलाकी सिंह चौक और नया बाजार चौक के बिच में भाजपा कार्यकर्ता ने बताया कि इस में एक चोर घुससा है जो हमारे गले का चैन काट कर चोरी करना चाह रहा था थोड़े देर बाद रामनगर कि विधायिका भागीरथी देवी यात्रा में शामिल हुई यात्रा राजदेवडी,लाल बाजार , अवंतिका चौक होते हुए आलोक भारती से भोला एम पी चौक से ऐतिहासिक बड़ा रमना मैदान में प्रवेश किया जहां जन सभा में तब्दील हो गया जन सभा में चिराग पासवान, विधायक राजु तिवारी वहां से फिर डॉ संजय जायसवाल समाहरणालय के लिए निकले प्रस्तावक के साथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी,गये दाखिल करने के बाद प्रेस वार्ता किये जिसमें कहें कि इस बार चार सौ पार वहां से फिर रमना मैदान पहुंचे जहां लोगो को संबोधित किये उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तब वहां पंडाल में लगे कुर्सी खाली पड़ी हुई थी बताया जाता है कि वहां किसी प्रकार कि व्यवस्था नहीं था पिने के पानी तक का नहीं और बसें आई थी लेकिन लोग नहीं थे कुछ चुनिंदा कार्यकर्ता ही आये थे वहीं सभा कि समाप्ति पर जब उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विजय सिन्हा हैलीपैड कि तरफ बड़े तो साथ में समर्थक भी चलने लगे लेकिन सुरक्षा घेरा के अंदर जाने से पुलिस कर्मी उमलेश कुमार मना किया तो सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार दोनो उलझ गये काफ़ी देर तक कहा सुनी हुई वहीं पिछे से भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह राजद के सोच का है इस पर भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार से पुछा गया तो सिविकार किये कि पुलिस कर्मी से बक झक हुआ है लेकिन छोडीये अब यहां कई प्रश्न उठ रहे कि क्या पुलिस बल के मनोबल इतना बढ़ गया है कि किसी को धक्का दे दे रहे हैं या भाजपा नेताओ का कि नियम कानून को ताक पर रख कर सुरक्षा कर्मियों से उलझ जा रहे हैं वह तो अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है वहीं इसी दौरान एक वरिष्ठ मिडिया कर्मी कि मोटरसाइकिल चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

# बिहार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पटना (बिहार) द्वारा डाक विभाग के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




- **भारतीय डाक दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन प्रणाली तथा राष्ट्रीय निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है - चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी**

भारतीय डाक दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है और इसकी उपयोगिता लगातार बनी हुई है। आम आदमी को डाकघरों और पोस्टमैन पर अगाध विश्वास है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद इस प्रकार का जन विश्वास और कोई संस्था नहीं अर्जित कर सकी है। यह जानकारी बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज , पटना (बिहार) के अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने अपने भव्य सभागार में अनिल कुमार, मुख्य डाकपाल महानिदेशक , डाक विभाग, बिहार परिमंडल , पटना के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से राज्य के उद्यमियों एवं व्यवसायियों को डाक विभाग की विभिन्न योजनायें एवं उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी । चैम्बर अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस जागरुकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं से आप सभी को अवगत कराना है जिससे कि अधिकाधिक लोग इसका लाभ उठाये।... क्योंकि डाक विभाग ने समय के साथ ग्राहकों के लिए बहुत सारी सेवाओं का विस्तार किया है एवं उसे आकर्षक बनाया है। पटवारी ने बताया कि डाक विभाग देश के संचार की रीढ़ रहा है और इसने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कई मायनों में भारतीय नागरिकी के जीवन को छूता है - डाक पहुँचाना, छोटी-बड़ी बचत योजनाओं के तहत जमा स्वीकार करना, एक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के तहत जीवन बीमा कवर प्रदान करता है। वेतन वितरण एवं वृद्धावस्था पेंशन भुगतान जैसी सेवाओं से भारतीय नागरिकों में एक अलग पहचान बनाए हुए है। इस अवसर पर डाक विभाग के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि हमलोग पासपोर्ट बनाने , आधार कार्ड बनाने, गंगाजल एवं सभी प्रकार के उत्पादित वस्तुओं को हर प्रकार के लोगों के पास अपनी सेवायें पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।इस अवसर पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार अनिल कुमार ने बताया कि डाक विभाग एवं डाक भारत सर्विस का मॉल बन गया है। उन्होंने डाक विभाग द्वारा जारी विभिन्न सेवाओं के सम्बन्ध में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया। इस कार्यक्रम में डाक विभाग की ओर से राजदेव प्रसाद , वरीय अधीक्षक पोस्टल सर्विस, मनीष कुमार, वरीय अधीक्षक रेलवे मेल सर्विस, रंधीर कुमार ,अधीक्षक पटना साहिब मंडल, अनिल कुमार उप मुख्य पोस्टमास्टर जीपीओ एवं नवीन कुमार सहायक निर्देशक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में चैम्बर की ओर से उपाध्यक्ष आशीष शंकर एवं प्रदीप चौरसिया, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन एवं गणेश कुमार खेतडीवाल, कार्यकारणी सदस्य आशीष प्रसाद, विनोद कुमार, अजय गुप्ता, मुनौल सराफ, सावल राम होलिया, शशि गोयल, राकेश कुमार, आशीष प्रसाद, अशोक कुमार, राज बाबू गुप्ता, पवन एवं सम्मानित सदस्य सहित शहर के कई गणमान्य व्यवसायी अजय कुमार गुप्ता, पत्रकार डॉ.बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता आदि सम्मिलित हुए। कहना न होगा कि इस तरह के आयोजन से जहाँ एक ओर चेंबर के व्यवसायियों और डाक विभाग के बीच सौहार्द की भावना बढ़ती है तथा व्यापारिक संबंध आपस में सुदृढ़ होता है , साथ ही व्यवसायियों को अपने व्यापार बढ़ाने के लिए अपने माल को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने में कम समय में अधिक लाभ होता है , वहीं दूसरी ओर डाक विभाग को भी अधिक राजस्व की प्राप्ति होती है जो देश हित के निर्माण में उपयोगी और सहायक सिद्ध होता है।

# पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने पद्मश्री डा नरेंद्र प्रसाद के निधन पर शोक प्रकट किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। भाजपा के पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने पद्मश्री डा नरेंद्र प्रसाद जी के निधन पर गहरा शोक प्रकट कर उनके कंकरबाग स्थित आवास पर जाकर श्रद्धांजली दी ।उन्होंने कहा कि उनका निधन मेरे लिए निजी तौर पर बहुत बड़ी क्षति है । डा. साहब से मुझे हमेशा बड़े भाई जैसा प्यार मिलता रहता था इसलिए जैसे ही मुझे यह समाचार प्राप्त हुआ तत्काल उनकी अंत्योष्टि में शामिल होने पटना पहुंचा । डा. साहब हमसभी के बीच एक चिकित्सक के अलावा कायस्थ समाज के पुरोधा के रूप में भी जाने जाते थे। वे पटना सिटी स्थित आदि चित्रगुप्त मंदिर जीर्णोद्धार समिति के पूर्व अध्यक्ष भी रहे थे। मन दुखी है और मेरे लिए यह विश्वास करना मुश्किल है कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे। ईश्वर उन्हे श्रीचरणों में स्थान दे।

संक्षिप्त समाचार

## लक्ष्य तय कर मेहनत करें तो सफलता निश्चित : मोनिका श्रीवास्तव

### यूपीएससी में चयनित होने पर जीकेसी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**औरंगाबाद** । ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में बुधवार की रात संघ लोक सेवा आयोग में चयनित सुश्री मोनिका श्रीवास्तव के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर, विनय कुमार सिंहा, अजय कुमार संतोष , महेंद्र प्रसाद , इं बी के श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया । इस दौरान सुश्री मोनिका श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह बुके एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए सुश्री मोनिका श्रीवास्तव ने कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर किसी भी क्षेत्र में मेहनत और ईमानदारी के साथ प्रयास किया जाय तो सफलता निश्चित है । उन्होंने युवा पीढ़ी खासकर छात्र-छात्राओं से कहा कि केंद्रीय अथवा राज्य सेवाओं में जाना कोई कठिन कार्य नहीं है लेकिन इसके लिए लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करने की जरूरत है ।सुश्री श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे जो भी दायित्व दिया जाएगा, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी , निष्ठा और लगन से करने का प्रयास करूंगी । उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और इसमें मुझे योगदान देने का अवसर मिला है, मेरे लिए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है ।इस अवसर पर जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव औरंगाबाद जिले से यूपीएससी में चयनित होने वाली तीसरी महिला हैं और यह केंद्रीय सिविल सेवा तथा राज्य सेवा के लिए तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं । उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि वह अपने कार्यों के जरिए राष्ट्र सेवा तथा जन सेवा करने का प्रयास करेंगी ।समारोह में डॉ नीलम रानी , अजय वर्मा,मधुसूदन प्रसाद, श्रीराम अम्बष्ट, भारती श्रीवास्तव, डॉ स्वदीप श्रीवास्तव ,कृष्ण कुमार सिन्हा ,गणेश प्रसाद , राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा , सुनील सिन्हा, सूर्यकांत , उदय कृष्ण प्रसाद , दीपक बलजोरी , डॉ अभिषेक कुमार, अमित सिन्हा, अभय सिन्हा, डॉ वैभव श्रीवास्तव, प्रेम कुमार, कामिनी वर्मा , संजना किशोर, सलोनी श्रीवास्तव, डॉ श्रुतिका श्रीवास्तव, अंजू सिन्हा, रूबी सिन्हा, ज्योति सिन्हा, पल्लवी प्रिया , रूमी रंजन आदि ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया ।

## सरस्वती विद्यामंदिर के प्रांगण में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**पटना**। पटना के शास्त्री नगर स्थित सरस्वती विद्यामंदिर स्कूल के प्रांगण में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने बुधवार को किया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 छात्र शामिल हुए। शिविर आयोजन का शुभारम्भ पटना विभाग निरीक्षक (भारतीय शिक्षा समिति दक्षिण बिहार) डॉ रमेश मणि पाठक ने अपना नेत्र जांच करा कर किया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का संचालन दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के सचिव सुबोध कुमार सिंह ने दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा के देखरेख में किया। उक्त अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के निदेशक डॉ राकेश दत्त मिश्र, कोषाध्यक्ष प्रेम सागर पांडेय, सदस्य पप्पू कुमार सिंह, सुनील कुमार उपस्थित थे। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में स्कूल के छात्र एवं शिक्षक शामिल हुए, जिनमें स्कूल के छात्रों में नंदनी कुमारी, सुमंत कुमार, कुंदन कुमार सिंह, रिया कुमारी, अणु कुमारी, नंदनी कुमारी, पतुषा कुमारी, अपर्णा कुमारी, अंजली कुमारी, विपुल हर्षबर्द्धन, वैष्णवी, जिया कुमारी, शोभा, मिनाक्षी, पल्लवी, सूरज शर्मा, आकाश कुमार, अंश राज, आर्यन सिंह, दिव्या कुमारी, अनोखी कुमारी, साहिल कुमार, निशांत श्रीवास्तव, दिवाकर कुमार, अदिति कुमारी, सौरभ कुमार, शिवम् मिश्र, सिंटू कुमार, अधित्य चौबे, शुभम कुमार, आयुष कुमार, प्रत्यूष झा, अर्जुन आचार्य, रिया कुमारी, अमन कुमार, अठराव सिंह, आयुष सिंह, नंदनी, बेबी यादव सहित अन्य छात्र- छात्राएं शामिल थे। वहीं शिक्षको में प्राचार्य राकेश कुमार मिश्र, गूंजा सिंह, रिमझिम सिंह, अमृता श्रीवास्तव, अंकिता कुशवाहा, साक्षी कुमारी, राकेश रंजन, गुड्डु कुमार शर्मा, धनंजय प्रसाद शामिल थे। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाने और दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन को सहयोग करने के लिए दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## अनमोल इंडस्ट्रीज ने किया वार्षिक बिक्री सम्मेलन आयोजित




**पटना**। अग्रणी एफएमसीजी कंपनी अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने हाल ही में "उड़ान - संकल्प सबकी प्रगति का" थीम पर अपना वार्षिक बिक्री सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन ने बिहार राज्य के चैनल पार्टनर्स और प्रबंधन को आगामी वित्तीय वर्ष में विकास के लिए सहयोगात्मक रणनीति बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम ने चैनल पैटर्नस, बाजार की गतिशीलता और उभरते एफएमसीजी रुझानों पर गहन चर्चा को बढ़ावा दिया। ये विचार-विमर्श बाजार के अवसरों को पहचानने और आने वाले वर्ष में संभावित चुनौतियों का समाधान करने के लिए मजबूत रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण रहे। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सम्मानित प्रबंध निदेशक बिमल कुमार चौधरी ने चुनिंदा चैनल पार्टनर्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और कंपनी की सफलता में योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए, श्री चौधरी ने कहा, "हमारे वार्षिक बिक्री सम्मेलन 'उड़ान - संकल्प सबकी प्रगति का' ने शानदार सफलता अर्जित की। इस वार्षिक बिक्री सम्मेलन ने अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चैनल भागीदारों के बीच रचनात्मक संवाद, नोलेज शेयरिंग और सहयोग की सुविधा प्रदान की। इस आयोजन ने वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की निरंतर वृद्धि और सफलता के लिए मंच तैयार किया।

# 24 घंटे के अष्टयाम यज्ञ का शुभारंभ





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। थाना क्षेत्र के रंदाहा गांव में 24 घंटे के अष्टयाम यज्ञ को लेकर कलश यात्रा हाथ घोड़े बैंड बाजे के साथ बुधवार को श्रद्धा व हर्षोल्लास के वातावरण में निकाली गई। 501 कन्याओं द्वारा नावानगर गंगा घाट से कलश में जल भरकर विभिन्न चौक चौराहे बिदुपुर बाजार, मझौली, बरांटी ,बरुआ, दयालपुर होते हुए रंदाहा यज्ञ स्थल को कलश यात्रा पहुंची। प्रसिद्ध आचार्य द्वारा पूजा अर्चना एवं यज्ञ स्थल में कलश स्थापना के उपरांत दिन के डेढ़ बजे से 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ प्रारंभ हुआ। गुरुवार को यज्ञ समाप्ति उपरांत रात्रि वेला में भव्य विवाह कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। कलश यात्रा देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ महिला पुरुष बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। भक्तिमय गानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। कल सुबह से ही यज्ञ स्थल पर महिला पुरुष बच्चों की भारी भी देखी गई। सभी स्थानीय गांव वासियों द्वारा यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की गई। यह अष्टयाम



यज्ञ समाज में शांति सद्भाव स्थापित करने को लेकर संपूर्ण गांव वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। वही यज्ञ स्थल के पास विभिन्न मिठाइयों एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें सजी थी। यज्ञ के व्यवस्थापकों में संतोष राय बिपिन राय अभिनंदन राय नंदन राय सोनू राय राजा कुमार सुदय राय मनीष कुमार विश्वकर्मा राय विकास कुमार सनोज कुमार आदि शामिल हैं।

## बैंक के शाखा प्रबंधक ब्रांड एम्बेसडर ने ग्राहकों को मतदान के लिए प्रेरित किया



नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा राजापाकर के परिसर में शाखा में आए ग्राहकों को शाखा प्रबंधक विनोद कांत यादव व मतदाता जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर सेवानिवृत्त कैप्टन महेंद्र राय के द्वारा एक-एक वृक्ष देकर खाताधारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि जब तक मतदान नहीं होगी पूरी, प्रजातंत्र रहेगी अधूरी, वोट डालकर आएंगे, अपना फर्ज निभाएंगे, देश का पर्व चुनाव का गर्व सहित विभिन्न स्लोंगण के द्वारा शाखा परिसर में आए ग्राहकों को आगामी 20 मई को मतदान करने



के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को वृक्ष देकर उत्साहित किया गया ताकि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे।वहीं पर्यावरण के लिए वृक्ष भी अति आवश्यक है। इस तरह लोकतंत्र के लिए मतदान भी बहुत जरूरी है। शुभ कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति वृक्ष अवश्य लगाए। मौके पर विनोद कांत यादव, मुकेश पटेल, अनुराधा कुमारी, श्वेता शर्मा ,रविशंकर राय ,तिलकेश्वर पासवान, पिंकी कुमारी सहित बैंक के अनेक ग्राहक मौके पर मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**शिवहर**। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग की अध्यक्षता में तरियानी प्रखण्ड अंतर्गत विश्मभरपुर बूथ 233,234 तथा 235 एवं मध्य विद्यालय तरियानी छपरा बूथ 240,242 तथा 243 पर तथा गांधी चौक तरियानी छपरा में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा 25 मई, 2024 को सभी लोगों से वोट देने का आवाह्न किया गया तथा मतदाता को किसी प्रकार की शिकायत हेतु टोलफ्री न0 1950 पर सम्पर्क करने की जानकारी दी गयी। जिला परियोजना प्रबन्धक जीविका द्वारा मतदाताओं को EVM सम्बन्धित जानकारी दी गयी जिसमे मतदान हेतु EVM मशीन के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। मौके पर जिला परियोजना प्रबन्धक (जीविका),प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक(जीविका),जिला सहकारिता पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, तरियानी, PO मनरेगा और सैकड़ो जीविका दीदी आदि उपस्थित थे।

## स्वर्गीय बच्चन शर्मा उर्फ बेचन राय की 107वीं जयंती समारोह आयोजित





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बच्चन शर्मा उर्फ बेचन राय की 107वीं जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उच्च विद्यालय राजापाकर के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामसरीख प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं शिक्षक केशव नारायण राय के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उनकी प्रतिमा जो उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापाकर के परिसर में स्थापित है उस पर पुष्प माला अर्पित कर उपस्थित लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि वे तत्कालीन गोरौल विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे वहीं महुआ के प्रथम प्रखंड प्रमुख के पद की भी शोभा बढ़ाया था। भारत की आजादी में इनकी महती भूमिका रही है। साइमन कमीशन के विरोध से शुरू हुआ इनका स्वतंत्रता आंदोलन कई पड़ाव को पार करते हुए नेपाल के हनुमान जेल से जेपी को बाहर निकालने में उनकी महत्वपूर्ण रही थी। वेआजाद दस्ता के सेनानी थे। इसके अलावा सामाजिक कार्यों में भी इन्होंने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। उच्च विद्यालय राजापाकर की स्थापना में भी इनका अविस्मरणीय योगदान था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उनके पुत्र बसंत कुमार एवं सुमन कुमार पूर्व प्रमुख रमेश प्रसाद सिंह उर्फ राम ईश्वर राय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापाकर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार तपसी प्रसाद सिंह नगीना राय चंदू राय राजेश कुमार अनिल कुमार अमरेश कुमार बिंदेश्वर प्रसाद सिंह रवीन्द्र कुमार रवि सतीश कुमार राजीव कुमार आदि शामिल हैं।

## अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सहदेब बाउरी ने संभाला जीबीएम कॉलेज का कार्यभार

नई सोच एक्सप्रेस



**गया**। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सहदेब बाउरी ने पूर्व प्रधानाचार्य (डॉ) जावैद अशरफ़ की सेवानिवृत्ति के उपरांत मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में अपना कार्यभार संभाला। वहीं डॉ सहदेब बाउरी को प्रोफेसर प्रभारी बनाये जाने पर उन्हें कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने प्रभार ग्रहण करते हुए कहा कि कॉलेज के शैक्षणिक तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रगति हेतु सभी सहकर्मियों से निष्ठा, पारस्परिक सहयोग एवं कॉलेज प्रबंधन के प्रति समर्पण भाव रखकर कार्य करते रहुंगा। उन्होंने कहा कि बतौर प्रभारी प्रधानाचार्य वे महाविद्यालय की पूर्व गरिमा को यथावत बनाये रखने के लिए कृतसंकल्प हैं, और कॉलेज में अनुशासन बनाये रखने की हर संभव कोशिश करेंगे। वहीं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य प्रो.अशरफ़ ने भी डॉ बाउरी को मिली इस नयी ज़िम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिए। कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि डॉ सहदेब बाउरी ने गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में 20 दिसंबर, 2005 को अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था तथा कॉलेज के विकास में बर्सर के रूप में भी उनकी अहम भूमिका रही है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर्स डॉ अफ़शाँ सुरैया, डॉ नूतन कुमारी, डॉ शगुफ़्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी आदि उपस्थित रही।

## डीसीएलआर बीडीओ व प्रखंड कर्मियों द्वारा मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में घर-घर जाकर प्रखंड के सभी पदाधिकारी, अधिकारी, प्रखंड कर्मी, सेविका सहायिका लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक कर रहे हैं .प्रखंड प्रभारी सह डीसीएलआर महनार मेधा कश्यप , बीडीओ आनंद प्रकाश सहित सभी प्रखंड कर्मी ,पंचायत कर्मी घर-घर जाकर लोगों को छठ दिवाली की तरह 5 साल में एक बार आने वाले इस महापर्व में भी आकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी घर-घर जाकर जिनके परिजन बाहर में रहते हैं उनसे मोबाइल पर संपर्क कर उन्हें बताते हैं कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आगामी 20 मई को आकर एक बार जरूर मतदान करें। जिन मतदाताओं के वोटर लिस्ट में नाम है इपिक कार्ड नहीं है वैसे मतदाताओं को घर-घर जाकर ऑनलाइन ईपिक कार्ड डाउनलोड कर भी दिया जा रहा है। लोगों के परिजनों को भी खासकर महिला जो अशिक्षित है उन्हें भी अपने सारे काम छोड़कर 20 मई को मतदान केंद्र पर आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जो विकलांग या चलने में बहुत असमर्थ है उनके लिए भी चुनाव आयोग द्वारा मतदान के लिए बूथ पर लाने की विशेष व्यवस्था की गई है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला पदाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा के अथक प्रयास का असर काफी दिख रहा है। प्रखंड के पदाधिकारी अधिकारी कर्मी सुबह से लेकर शाम तक गांव टोलों में घूम-घूम कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# जीतन राम मांझी जहां, महादलित समाज वहां, एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के साथ - राम चरित्र सदा, पूर्व जिलाध्यक्ष, "हम" पार्टी

नई सोच एक्सप्रेस

**खगड़िया**। एनडीए चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय सचिव निलेश कुमार ने कहा कि हम सेक्युलर के संस्थापक सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तथा हम सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन (संतोष मांझी) के संदेश को लेकर खगड़िया आया हूँ। हमारी पार्टी एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में कटिबद्धता व दमखम के साथ प्रचार प्रसार में डटे हुए हैं। पार्टी विधान के विरुद्ध कार्य करने वाले हम के तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सोनू अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री व विधायक अनिल कुमार के द्वारा पार्टी से छः वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया है जिसका निलंबन पत्र जारी कर दिया गया है और पूर्व जिला अध्यक्ष सरोज सदा




को लोकसभा चुनाव प्रबन्धन एवं संगठन के कार्यों को नियमित रूप से संचालित हेतु जिला संयोजक बनाये जाने पर हम के कार्यकर्त्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और जोरदार ताली से स्वागत एवं अभिनन्दन किया। हम सेक्युलर के पूर्व जिला अध्यक्ष व नव मनोनीत जिला संयोजक सरोज सदा ने दावे के साथ कहा कि हम सेक्युलर और हमारे नेता मांझी जी पूरे निष्ठा पूर्वक चट्टानी एकता के साथ लोकप्रिय युवा प्रत्याशी राजेश वर्मा के साथ हैं और हम व हमारे महादलित समाज इन्हें आपार बहुमत से विजयी बनायेंगे।उन्होंने बताया कि आज

- **सरोज सदा (पूर्व जिलाध्यक्ष) "हम" पार्टी के ज़िला संयोजक बने, बधाइयों का लगा तांता**
- **पार्टी विरोधी गतिविधि के कारण सोनू अग्रवाल छः वर्षों के लिए निलंबित - निलेश कुमार, राष्ट्रीय सचिव, "हम"**

के प्रेस वार्ता में पार्टी के छः प्रखण्ड अध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए जो एकजूटता का परिचायक है। हमें जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभायेंगे। हम सेक्युलर के लोकसभा प्रभारी रविन्द्र शास्त्री ने कहा कि हम सेक्युलर के जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर के तमाम पदाधिकारी- कार्यकर्त्ता एनडीए उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में लगातार काम कर रहे हैं।इसलिए राजेश वर्मा की जीत तय है। हम सेक्युलर के पूर्व जिला अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामचरित्र सदा,मुकेश कुमार मांझी तथा एससीएसटी मोर्चा के अध्यक्ष रामबली राम ने कहा कि किसी एक - दो व्यक्ति के चले से पार्टी पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।हमलोग 45 वर्षों से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के अनुआयी हैं। वे जहां रहेंगे हमारा महादलित समाज वहीं रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर आनंदी सदा, मदन सदा, शम्भु राम,शिवनन्दन सदा,चन्दर सदा, राजीव सदा,अरूण सदा, शंकर सदा,दिलेश्वर सदा, रामेश्वर सदा, जगदीश सदा, ब्रह्मदेव सदा,संजय सदा,दिनेश सदा,शिवरतन सदा, रामचन्द्र सदा, पोखन चौधरी, शम्भु सदा,धर्मेन्द्र सदा,राजेश सदा,घुटर चौधरी,रानी देवी, दायरानी देवी, अनिता देवी, नारायण सदा एवं रामबृक्ष राम आदि दर्जनों हम सेक्युलर के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे, जिन्होंने एक स्वर से राजेश वर्मा जीतेगा भाई जीतेगा,जीतन राम मांझी जिन्दाबाद, नीतीश ,मोदी, चिराग ,उपेन्द्र कुशवाहा जिन्दाबाद का गगनभेदी नारे लगाये।

# समस्तीपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस




समस्तीपुर। समस्तीपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री आलोक शर्मा ने कहा कि कर्नाटक में यौन शोषण के मामले में फंसे जनता दल सेक्युलर के सांसद उम्मीदवार प्रज्वल रवान्ना को देश से भागने में किसका हाथ है यह बात भाजपा बताएं. ढाई हजार से अधिक महिलाओं की जिंदगी बर्बाद करने वाले इस उम्मीदवार को लेकर भाजपा एक शब्द भी नहीं बोल रही है। वहीं उन्होंने कहा कि पेन ड्राइव की जानकारी रहने के बाद भी भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया. इस मामले को राष्ट्रीय महिला आयोग भी चुप है. वहीं उन्होंने कोविड-19 के मामले में भी भाजपा को कहा कि इस वैक्सीन को बनाने वाली कंपनी ने जो हलफनामा दायर किया है उसे पर भी भाजपा को जवाब देना चाहिए. वही इलेक्शन कमिशन पर कांग्रेस ने निशाना साधते हुए कहा कि 2004 में 40 दिन में चुनाव संपन्न कराए गए थे. मगर 2024 में 2 महीने में चुनाव करवाया जा रहा है. इसके अलावा प्रथम चरण के चुनाव के आंकड़े आने में 11 दिन लगते हैं. जो कि चुनाव आयोग के कार्य शैली पर भी सवाल खड़ी होती है. अभी तक मत की संख्या भी चुनाव आयोग ने जारी नहीं की है. जबकि सिर्फ मतदान प्रतिशत ही बताया जा रहा है। इधर स्थानीय उम्मीदवार शांभवी को लेकर उन्होंने लोजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोजपा की उम्मीदवार दो बार से यहां के सांसद हैं.उन्हें श्वेत पत्र जारी कर यह बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले दो लोकसभा में क्या काम किया है.जिसे समस्तीपुर का विकास हो पाया.समस्तीपुर के विकास में किए गए कार्य को लेकर पहले श्वेत पत्र जारी हो तभी जाकर लोजपा उम्मीदवार को जनता के बीच वोट मांगने का अधिकार है. लोजपा नेतृत्व पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की ओर संकल्पित है. 2013 में आया हुआ फूड सुरक्षा बिल इसी दिशा में है. 4 साल में चार प्रधानमंत्री के बनने के बयान पर उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मिश्रित दलों की सरकार बेहतर ढंग से चलती है. जिसका आगे पीछे भी बेहतर रिकॉर्ड रहा है. प्रधानमंत्री यह बात समझ चुके हैं कि भाजपा की सरकार जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है. मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो० अबू तमीम, प्रदेश स्तर के वार रूम के राज छवि राज, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर, जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो० मोहिउद्दीन उपस्थित थे।

# नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास में ग्रीष्मकालीन महोत्सव का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**गया**। बोधगया स्थित नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास में तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन किशोरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि ज़िला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम रहे ।छात्रावास के सचिव पदमश्री सुधा और जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद वही नारी गुंजन के सचिव पदमश्री सुधा वर्गीज ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। उसके बाद छात्रावास के बच्चियों ने स्वागत गान से कार्यक्रम की शुरुआत कि और एक से बढ़कर एक नृत्य और गान की प्रस्तुति दि। वहीं नारी गुंजन के सचिव सुधा वर्गीज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के अलावा अलग-अलग एक्टिविटीज की जानकारी दी जाएगी, इसके अलावा बच्चियों को हैंड राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश,आर्ट गैलरी के साथ-साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास में महादलित परिवार के एक सौ बच्चियों को निशुल्क पढ़ाई, भोजन, चिकित्सा जैसे सुविधा दिया जा रहा है।इस छात्रावास में वर्ग आठ तक पढ़ाई कराई जाती है और आगे की पढ़ाई दानापुर स्थित नारी गुंजन सस्थान में पढ़ाई होती है, उन्होंने कहा की इस वर्ष छात्रावास के 19 बच्चियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी जिसमे 15 बच्चियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है, जो काफी खुसी की बात है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ज़िला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने बच्चियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा जिस तरह बच्चों के जीवन में शिक्षा की जरूरत है उसी तरह एक्स्ट्रा एक्टिविटीज की भी जरूरत है, जैसे कंप्यूटर क्लास की जानकारी, संगीत, यहां तक खेल प्रतियोगिता में भाग लेना भी जरूरी है,बच्चों को एक्स्ट्रा एक्टिविटीज भी सिखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यहां पर आकर मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। आगे भी इस छात्रावास का विजिट करना चाहूंगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क पढ़ाई कराया जा रहा है। इस छात्रावास को आगे बढ़ने के लिए प्रशासन का जो भी सहयोग चाहिए हमलोग देने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने छात्रावास के बच्चियों के बीच मोमेंटो देकर उनका हौसला को बढ़ाते हुए कहा की आपलोग मन लगाकर पढ़ो आपकी हर जरूरत को ये संस्थान पूरा करेगी। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एव संस्थान के पदाधिकारी एव कर्मी उपस्थित रहे।

# गोलियों की गूंज से फिर दहला भोजपुर:बालू घाट पर वर्चस्व की जंग में फायरिंग, दो की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

बिहार में एक बार फिर बालू को लेकर खुनी जंग देखने को मिली है। अब भोजपुर जिले के कोईलवर में बालू के धंधे में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर भीषण गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत होने की खबर है। वहीं, करीब 6 अन्य लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। जिनका अलग-अलग जगहों पर इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना कोईलवर के कमालुचक दियारा में गुरुवार सुबह हुई। गोलीबारी में मारे गए और घायल हुए सभी लोग सारण जिले के डोरीगंज इलाके के रहने वाले हैं। दोनों गुटों की ओर से करीब 50 राउंड गोली चलने की सूचना है। गोलीबारी की खबर लगने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गोलीबारी में मारे गए दोनों मजदूर थे। इनकी पहचान सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी हूंगी महतो का 20 वर्षीय पुत्र विकाश महतो एवं तुलसी राय का 40 वर्षीय पुत्र सुदर्शन राय शामिल है। उनकी मौत के बाद परिजन में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस अधिकारी इस मामले पर अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। वहीं, घटना की सूचना पाकर एसपी नीरज कुमार सिंह,कोईलवर एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह एवं कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र भारी संख्या में पुलिस बल के साथ दियारा इलाके में स्थित कमालूचक बालू घाट पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। जबकि जख्मी युवक भी सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व.रजक महतो का 40 वर्षीय पुत्र पूर्णवासी महतो है।

# आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो होम्योपैथी दवा नेट्रम फास में

नई सोच एक्सप्रेस




**फतुहा**। भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में स्वास्थ शरीर का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता भाजपा नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संचालन भाजपा नेत्री पूजा कुमारी मुख्य अतिथि भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी। मुख्य अतिथि डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि वजन कम करने के लिए होम्योपैथिक दवा का उपयोग किया जाता है, मोटापा कम करने के लिए होम्योपैथिक दवा कई है ,अगर आप भी मोटापा कम करना चाहते हैं तो अंग्रेजी दवा की जगह होम्योपैथिक दवा चुन सकते हैं वजन कम करने के लिए होम्योपैथिक दवा ज्यादा सुरक्षित मानी जाती है। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, सबसे ज्यादा परेशान वह होते हैं जिम में मोटी फीस देकर पसीना बहाते हैं। लोग सबसे ज्यादा पेट,कमर और जांघ में चर्बी से परेशान रहते हैं। जाहिर है कि इन हिस्सों में जमा चर्बी आसानी से पीछा नहीं छोड़ती है। मैं आपको अपनी एक दवा से परिचित करवाना चाहता हूं दवा का नाम है नेट्रम फास । यह दवा वजन घटाने के लिए सबसे स्वस्थ हानि रहित है। मैं पहले आपको स्पष्ट करना चाहता हूं कि नेट्रम फास वजन घटाने के लिए बहुत लाभकारी दवा है। मैंने एक 135 किलो वजन वाले एक रोगी को इस दवा देने से निरंतर कम होता चला गया। अब तक 26 किलो वजन घट गया है ।एक और महिला का वजन 95 किलो था। उसका वजन घटता चला गया। मेरे प्रयोग की सफलता से उत्साहित होकर कई लोग मेरे इस नुस्खे का उपयोग करने लगे। नेट्रम फास का मुख्य कार्य टिश्युओ में एकत्र हो रहे अनावश्यक जलीय तत्व को निकाल कर बाहर फेंकने की क्षमता के कारण यह दवा टिश्युओं से पानी खींचकर शरीर के वजन को घटा दिया करती है। कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें। मेरे से सम्पर्क निम्न फोन नंबर 9204090774 से कर सकते हैं। इस अवसर पर शोभा पटेल, ममता पटेल, अनामिका पाण्डेय, संजू कुमारी, संजू कुमारी, रवि प्रकाश, अरुण कुमार झा, अंकुश कुमार,आशिष कुमार,सत्येंद्र पासवान, बब्लू शाह, जितेंद्र मिस्त्री, आदि मौजूद थे।

# भारत का खिलौना अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों में निर्यात किए जा रहे हैं

नई सोच एक्सप्रेस





6 सबसे शानदार और शक्तिशाली खिलौने।

**फतुहा**। भारत का खिलौना निर्यात पांच - छ वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन,यूरोपीय यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किया जा रहे हैं ।भारतीय के खिलौना उद्योग का कारोबार करीब डेढ़ अरब रुपए डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी है लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है उससे खिलौना उद्योग छलांग लगाते हुए तीन अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना रखता है स्पष्ट है कि दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने की कई कारण है। मेक इन इंडिया अभियान में खिलौना निर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौने निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरव है कि चीन से खिलौना खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर कर रहे हैं ,यह कुछ छोटी बात नहीं है ,दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौने की भारत से किसी तरह की खरीदारी होती थी ,लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है। अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। अब वह समय बीत गया है कि जब पांच छः वर्ष पहले तक भारत खिलौना के लिए दूसरे देशों पर निर्भर,भारत में 80 फ़ीसदी खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। हम उम्मीद करते हैं कि घरेलू बाजार के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौनों से देश के बच्चों खिलौने पर आधारित खेलों से मनोरंजन करने वाले करोड़ों लोगों के चेहरे का मुस्कान बनेगी, खिलौने से विदेशी

**• खिलौना उद्योग कारोबार 1-5 अरब डॉलर का है**

मुद्रा की कमाई की जा सकेगी । यह बातें भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा।यह बैठक भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में किया गया।इस अवसर पर, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, फतुहा नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनील कुमार शर्मा, बब्लू शाह आदि मौजूद थे।

# बगहा में गोल बंद और एकजुट हुए राजद प्रत्याशी दीपक यादव के समर्थन में जनता

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**। पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद बगहा श्री रणजीत राव के आवास पर नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सहित 29 नगर परिषद के वार्ड पार्षद वैठक कर महागठबंधन प्रत्याशी श्री दीपक यादव के समर्थन में वैठक में समर्थन व्यक्त किया गया। वैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष श्री रणजीत राव जी ने की। वैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री पप्पू गुप्ता जी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री रवि जी, वार्ड पार्षद श्री जितेंद्र राव, श्री मोहन गुप्ता सहित सहित कुल 29 पार्षद उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने नगर की प्रमुख समस्याओ की तरफ आकृष्ट किया गया। श्री दीपक यादव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि यदि आपने मुझे यह अवसर दिया तो अपनी पूरी क्षमता से आपकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करूंगा। स्वास्थ, शिक्षा सहित जलनिकासी की समस्या के स्थायी निराकरण का हर संभव प्रयास कर विकशित वाल्मीकिनगर, विकशित बगहा का अपना संकल्प पूरा करूँगा।श्री नागेंद्र सिंह, श्री, मदन यादव, मोबिन अंसारी, राकेश कुमार,मो इमरान, राहुल सिंह, मुहम्मद अबु लैश, तूफानी बैठा, डब्बू उपाध्याय, विवेक कुमार, अजय कुमार, संजय यादव, डॉ, राजू सिंह दीनानाथ साहनी,अजय राउत इत्यादि।

# महात्मा फूले समता परिषद के बैनर तले समस्तीपुर जिले के विद्वान अधिवक्ता सह समाज सेवी स्व0 रामभरोस प्रसाद जी के तीसरी पुण्य तिथि

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। दिनांक-02 मई 2024 को महात्मा फूले समता परिषद के बैनर तले समस्तीपुर जिले के विद्वान अधिवक्ता सह समाज सेवी स्व0 रामभरोस प्रसाद जी के तीसरी पुण्य तिथि प्रधान महासचिव आदित्य ठाकुर जी के अध्यक्षता में मनाई गई। वकताओं ने कहा कि उनके निधन से न्यायालय जगत में अपूरणीय छती हुई हैं। आज गरीब और निस्सहाय व्यक्ति न्याय के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। दिवानी मामलों के जटिल-जटिल केस को सुलह कराने में महारत हासिल था। न्यायालय जगत में विरोधी भी उनके तर्क को नहीं काट पाते थें। इस लिए उनकी कमी हमेशा बनी रहेगी। श्रद्धांजली अर्पित करने वालो में भूतपूर्व मुखिया देवनारायण सिंह उर्फ देवबाबु,पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,रंजीत कुमार,राजकिशोर सिंह,राम कुमार,इन्द्रजीत कुमार,रामानंद सिंह,अवधेश कुमार,कुंदन कुशवाहा,धीरज कुमार,सुलेखा कुमारी,अंश राज,अंबिका कुमारी,तान्या,अनील कुमार आये हुए अतिथियों को उनके पुत्र सह पूर्व एनडीए प्रत्याशी उजियारपुर विधानसभा अनंत कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### नेक इरादा



**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव बिहार के युवाओं को सत्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे। इसका प्रभाव भी अच्छा पड़ा है। युवा निःस्वार्थ भाव से बिहार निर्माण में लग गए है। गार्गी पाठशाला इसका बेहतरीन उदाहरण है। जिसका दूसरा वार्षिकोत्सव पटना के बीडी पब्लिक स्कूल में 1 मई 2024 को मनाया गया।]**

मैं अपनी लेखनी के माध्यम से युवाओं को आह्वानित कर रहा कि वें कठोर परिश्रम कर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दें। उनके द्वारा वर्तमान में किए गए कठोर परिश्रम से उनका भविष्य अंधकारमय नहीं होगा। वें स्वयं तो बेहतर होंगे ही अपने आस पास के लोगों के जीवन को भी रौशनी दिखा कर अंधकार मुक्त कर देंगे। कर्म का आधार मनुष्य का परिश्रम है। जिसके आधार पर मनुष्य को सुंदर और बेहतरीन सुविधाओं से युक्त भविष्य मिलता है। मनुष्य के अच्छे कर्म वो होते हैं जिनको करने के बाद मनुष्य को भय नहीं लगता है। और, रात को चैन और आनंद की नींद आती है। निरंतर परिश्रम करने वाले व्यक्ति को सफलता एक दिन अवश्य मिलती है और प्रगति के नए-नए रास्ते भी मिलते हैं। परिश्रम से व्यक्ति को नई नई चीजों को सीखने का अवसर मिलता है। सभी क्षेत्र में, अच्छा परिणाम परिश्रम करने के बाद ही मिलता है इसलिए परिश्रम करना बहुत जरूरी है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में परिश्रम नहीं करता है। और, किस्मत के भरोसे बैठा रहता है। तो, उस व्यक्ति को कभी सफलता नहीं मिलती और सफलता नहीं मिलने की वजह से व्यक्ति और भी ज्यादा हताश हो जाता है। निरंतर परिश्रम करने से व्यक्ति को सफलता मिलती है। और, नए-नए रास्ते मिलते हैं। परिश्रम करने से व्यक्ति को स्किल सीखने का मौका मिलता है। हर क्षेत्र में रिजल्ट परिश्रम के बाद ही मिलता है, इसलिए परिश्रम करना जरूरी है। हमारे जीवन में परिश्रम का उतना ही महत्वपूर्ण होता है, जितना जीवित रहने के लिए भोजन। परिश्रम को सफलता की कुंजी कहा जाता है। आज तक के इतिहास में किसी भी व्यक्ति को देखा जाए तो, वह अपने आप अचानक से सफल नहीं होता। सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता होती है। आसान शब्दों में कहा जाए तो, किसी काम को करने में हमारे द्वारा किया जाने वाला श्रम ही परिश्रम कहलाता है। देखा जाए तो, हर व्यक्ति ही परिश्रम करता है लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि कौन अधिक परिश्रम करता है और, कौन कम परिश्रम करता है। परिश्रम ही तय करता है कि हम कितना सफल हो पाएंगे। परिश्रम के दो मुख्य प्रकार होते हैं। एक परिश्रम वह होता है, जो हम आमतौर पर शरीर के द्वारा करते हैं, जिसे हम शारीरिक परिश्रम कहते हैं। अधिकतर यह परिश्रम मजदूर वर्ग के लोगों में देखा जा सकता है। दूसरा परिश्रम वह होता है, जिसमें हम अपनी मानसिक एवं बौद्धिक क्षमताओं का उपयोग करते हैं। वह मानसिक परिश्रम कहलाता है। किसी भी नई चीज के शुरुआत करने के लिए शारीरिक और मानसिक परिश्रम दोनों ही बहुत जरूरी है। देखा जाए तो परिश्रम के बिना मनुष्य का जीवन पशु के समान है। एक पशु भी अपने भोजन के लिए ही परिश्रम करता है। यदि हम भी सिर्फ इतने के लिए ही परिश्रम करेंगे तो फिर हम में और जानवर में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। हर मनुष्य परिश्रम से ही सफलता हासिल करता है। किस्मत से सफलता किसी को नहीं मिलती और यदि किसी को मिल जाती है तो वह लंबे समय तक नहीं दिखती है। परिश्रम से हासिल की गई सफलता जिंदगी को आबाद बना देती है। मनुष्य की असली दुनिया परिश्रम ही है। परिश्रम के जरिए ही मनुष्य अपने व्यक्तित्व को महान बनाता है। पुराने जमाने में सिर्फ लोगों के पास शारीरिक परिश्रम ही एक विकल्प था और उसी के सहारे लोगों की जिंदगी निकलती थी। लेकिन आज के समय में शारीरिक परिश्रम से ज्यादा मानसिक परिश्रम की जरूरत है। हर मनुष्य के लिए परिश्रम बहुत जरूरी है। परिश्रम ही मनुष्य को कठोर और सफल बनाता है और परिश्रम से मिली हुई सफलता लंबे समय तक टिकती है। जिन लोगों को परिश्रम नहीं करना है, वह लोग किस्मत के भरोसे बैठे रहते हैं। लेकिन कर्म करने वालों की कभी हार नहीं होती। छोटी से छोटी चिड़िया भी अपने वर्तमान में तिनका तिनका जोड़ने का कठीन परिश्रम करती हैं। और, फिर अपने भविष्य के लिए अपना आशियाना बना लेती है। साफ़ संदेश हैं कि वर्तमान में कठोर परिश्रम करने वाले लोगों का भविष्य उज्ज्वल होगा। 22 मार्च 2021 को लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान को आईपीएस विकास वैभव ने आरंभ किया। बिहार में शिक्षा, समता और उद्यमिता को मज़बूत करने के साथ साथ युवाओं को वर्तमान स्थिति को मज़बूत करने के लिए लगातार आईपीएस विकास वैभव प्रेरित कर रहे है। बिहार निर्माण के लिए एक मज़बूत इरादें के साथ आईपीएस विकास वैभव खड़े है। उनके इस ईमानदार जज्बें को सलाम करता हूं। आइए मिलकर युवाओं को सही दिशा निर्देश देते हैं, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर दिवस पर विशेष परिचर्चा का आयोजन



**खगौल**। एक मई को प्रेम कार्यालय परिसर में ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस दानापुर मंडल के तत्वाधान में मजदूर दिवस के अवसर पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन जोनल अध्यक्ष वीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस चर्चा में दुनिया के सभी मजदूरों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उन सभी मजदूर साथियों को जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, बीमारियों एवं अन्य कारणों से काल कवलित हो गए उन्हें श्रद्धांजलि प्रदान की गई। आयोजन में रेल कर्मियों की समस्याएं, पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करना, निजीकरण को बंद करना आदि विषयों पर विस्तार से बात की गई।आयोजन में मुख्य रूप से संयुक्त महासचिव यु. एस.सिन्हा, सहायक महासचिव चंदेश्वर राय,शाखा अध्यक्ष अमित कुमार,उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, शाखा सचिव सुनील कुमार ,राकेश कुमार ,रेखा सिन्हा,उदय कुमार,उदय सिंह,जितेंद्र कुमार,शंकर कुमार सहित सैकड़ो रेलकर्मी मौजूद रहे।

### रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

सुप्रिया रोड स्थित होटल सुप्रिया इंटरनेशनल में रेस्टोरेंट का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन से पूर्व होटल सुप्रिया इंटरनेशनल के रेस्टोरेंट में विधिवत पूजा अर्चना की गई जिसमें बेतिया सांसद संजय जायसवाल भी उपस्थित रहे। रेस्टोरेंट का उद्घाटन चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने फिता काटकर किया। विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार में भारत विकसित हो रहा है लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इसी क्रम में आज होटल सुप्रिया इंटरनेशनल में रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।वहीं घनश्याम राय ने कहा कि यहां खाने की हर सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है एवं ठहरने की भी उतम व्यवस्था है। वहीं मौके पर कुंदन कुमार,हौसला राय, चंदन कुमार, जयप्रकाश यादव सहित कई उपस्थित रहे।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का आईपीओ 8 मई, 2024 को खुलेगा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") ने बुधवार, 8 मई, 2024 को अपने इक्विटी शेयरों की इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव करती है। इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में 10,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और बीसीपी टॉपको वीआईआई पीटीई लिमिटेड ("प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक") द्वारा ऑफर फॉर सेल में 20,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। ("बिक्री के लिए प्रस्ताव"और फ्रेश इश्यू के साथ, "ऑफर")। कंपनी फ्रेश इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है, (i) आगे की उधार देने के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए; और (ii) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य। इक्विटी शेयरों की पेशकश 30 अप्रैल, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("आरएचपी") के माध्यम से की जा रही है, जो बेंगलूरु में कंपनी रजिस्ट्रार, कर्नाटक ("आरओसी") के पास दायर किया गया है। आरएचपी के माध्यम से जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई"बीएसई के साथ, "स्टॉक एक्सचेंज") जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज एनएसई होगा। ब्लैकस्टोन के प्राइवेट इक्विटी एशिया के हेड अमित दीक्षित ने कहा, "आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए यह लिस्टिंग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि हम क्या करते हैं, हम भारत का निर्माण करने वाले व्यवसायों का निर्माण करते हैं। हम व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अपने पैमाने, नेटवर्क और सर्वोत्तम वैश्विक तरीकों को लेकर आए हैं और कंपनी को उत्पत्ति से संग्रह तक अपनी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने में सशक्त बनाया है। यह एक अद्भुत साझेदारी रही है और व्यवसाय आज जिस स्थिति में है, उस पर हमें इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता है।' ब्लैकस्टोन प्राइवेट इक्विटी के सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश मेहता ने कहा, "आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के वंचित भारतीयों को अपना घर बनाने में सक्षम बनाने और कंपनी के परिवर्तन और विकास में भूमिका निभाने के मिशन का हिस्सा बनना फायदेमंद है। हमारी प्राथमिकता कंपनी के नेतृत्व के साथ घनिष्ठ तालमेल के माध्यम से निर्माण करना और ब्लैकस्टोन की पूंजी, संसाधनों और हमारी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता तक पहुंच का उपयोग करना है।" आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ऋषि आनंद ने कहा, 'यह व्यक्तियों और परिवारों को अपने घरों की चाबियों के साथ सशक्त बनाने की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। 'घर बनेगा, तो देश बनेगा'के सच्चे अर्थ के साथ, हम राष्ट्र निर्माण और मजबूत समुदायों की नींव रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं।' आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। इस प्रेस विज्ञप्ति में उल्लिखित सभी बोल्ड अक्षरों वाले शब्दों, जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, का वही अर्थ होगा जो आरएचपी में निर्धारित है।

## संक्षिप्त समाचार

### ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा



**मुंबई**। इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं । टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को "ठंडक का बादशाह, राहत का राजा" के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और "ठंडा ठंडा कूल कूल" करती है। श्री हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, "हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृर्तिक सहजता है । हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, "नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है। मेरी टीम और मैं तनाव से राहत, जीवन की कठिनाइयों और संकटों से मुक्ति के लिए हँसी मजाक को एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उपयोग करने का प्रयास करते हैं। नवरत्न और हम हँसी मजाक के माध्यम से जो राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें एक स्वाभाविक तालमेल है, जो हमारे सहयोग के लिए बिल्कुल उपयुक्त है । मुझे दुनिया के नंबर 1 कूल तेल नवरत्न के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। इस गर्मी में हम सब मिलकर हर भारतीय को ठंडा-ठंडा कूल-कूल बनाएंगे! "नवरत्न और कपिल शर्मा पार्टनरशिप का आनंद लेने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें: https://youtu.be/nJvxiWF81WQ प्रसिद्ध निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता शुजात सौदागर ने नवरत्न आयुर्वेदिक तेल नये कैंपेन का निर्देशन किया है।

### एसके फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

वर्ष 1994 में स्थापित एसके फाइनेंस लिमिटेड ('कंपनी') वाहन फाइनेंसिंग सेगमेंट और एमएसएमई फाइनेंसिंग सेगमेंट में अपनी समकक्ष कंपनियों के मुकाबले सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी है, जिसका विश्लेषण वित्तीय वर्ष 2021 और वित्तीय वर्ष 2023 के बीच की अवधि के लिए संबंधित सेगमेंट में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों ('एयूएम') सीएजीआर के आधार पर किया गया है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना 2,200 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपये) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए धन जुटाने की है। कंपनी के प्रमोटर राजेंद्र कुमार सेतिया, यश सेतिया और राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ हैं। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1 रुपये प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के साथ 500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और विक्रेता शेयरधारक की ओर से 1700 करोड़ रुपये तक के शेयरों का 'ऑफर फॉर सेल' (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में राजेंद्र कुमार सेतिया द्वारा 180 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर, राजेंद्र कुमार सेतिया एचयूएफ (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 20 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस कोइन्वेस्ट फर्स्ट द्वारा 75 करोड़ रुपये तक, इवॉल्वेंस इंडिया फंड थ्री लिमिटेड द्वारा 25 करोड़ रुपये तक, नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स एक्स - मॉरीशस द्वारा 700 करोड़ रुपये तक और टीपीजी ग्रोथ फोर्थ एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 700 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं ('निवेशक विक्रय शेयरधारक')। कंपनी एक नॉन-डिपॉजिट लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी मिडिल लेयर ('एनबीएफसी एमएल') है, जो भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई') के साथ भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के तहत पंजीकृत है। कंपनी दो वर्टिकल में काम कर रही है- वाहन फाइनेंसिंग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए फाइनेंसिंग। 31 दिसंबर, 2023 तक कंपनी की 535 शाखाओं के माध्यम से 11 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में उपस्थिति है। वाहन फाइनेंसिंग वर्टिकल के तहत, कंपनी मुख्य रूप से इस्तेमाल किए गए और नए वाणिज्यिक वाहनों (मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों को छोड़कर) ('सीवी (एम एंड एचसीवी को छोड़कर)'), कारों और ट्रैक्टरों के साथ-साथ नए दोपहिया वाहनों की फाइनेंसिंग के लिए एक सुरक्षित और रिटेल ऋण पोर्टफोलियो प्रदान करती है। एमएसएमई ऋण वर्टिकल के तहत कंपनी मुख्य रूप से इन व्यवसायों की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के उद्देश्य से ऋण देती है। ये ऋण पूरी तरह से परिसंपत्तियों द्वारा समर्थित हैं और मुख्य रूप से आय सृजन के उद्देश्य से, मध्यम से निम्न आय वर्ग के ग्राहकों को प्रदान किए जाते हैं, जो मुख्य रूप से स्व-नियोजित, बैंकिंग सेवाओं से वंचित या कम बैंकिंग सेवाओं वाले व्यक्ति हैं, जो भारत के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहते हैं और जिनकी संगठित ऋण चैनलों तक सीमित पहुंच है। वित्त वर्ष 2023 तक भारत में कुल वाहन फाइनेंस सेगमेंट लगभग 11.85 ट्रिलियन था, जो वित्त वर्ष 2019 से लगभग 11.07 फीसदी की सीएजीआर दर्शाता है और आगे बढ़ते हुए बकाया ऋण वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2027 तक 16-18 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर लगभग 21 ट्रिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी ने नए निर्गम से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग भविष्य की व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूंजी आधार को बढ़ाने के मकसद से करने का प्रस्ताव किया है, ताकि आगे के ऋण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए कंपनी की भविष्य की व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला का आयोजन हुआ



**जहानाबाद**। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के नेतृत्व में आज जहानाबाद जिला अवस्थित स्थानीय गाँधी मैदान में मतदान को समर्पित थीम ''01 जून जहानाबाद'' पर आधारित स्वीप गतिविधि के तहत् मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला, 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ हीं जिले के मतदाताओं को संदेश देने के लिए गुब्बारा उड़ाया गया। मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा श्रृंखला में आये सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपील किया गया कि 01 जून, 2024 (शनिवार) को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सभी मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने का अपील किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिककारी ने बताया कि मानव श्रृंखला कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं को यह संदेश दिया गया है कि जिस प्रकार आज आप सभी मानव श्रृंखला में शामिल हुए हैं, उसी प्रकार ज्यादा से ज्यादा 01 जून को मतदान दिवस के अवसर पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही लोकतंत्र के इस त्योहार में सभी की भागिदारी सुनिश्चित की जाए। मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला में जिले के आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्त्ता विकास मित्र, टोला सेवक, लोहिया स्वच्छ बिहार के पंचायत पर्यवेक्षक सहित जहानाबाद जिले के मतदाता शामिल हुए।

## बाल विवाहों की रोकथाम में नाकामी पर पंच व सरपंच होंगे जवाबदेह

नई सोच एक्सप्रेस

- अक्षय तृतीया से पूर्व बाल विवाह के खिलाफ राजस्थान हाई कोर्ट का अहम फैसला

सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से उनके अधिकार क्षेत्र में हुए बाल विवाहों और इनकी रोकथाम के कदमों के बाबत मांगी रिपोर्ट मामले की की गंभीरता और तात्कालिकता का संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई करते हुए जारी किया आदेश प्रदेश में बाल विवाह की मौजूदा स्थिति को 'चिंताजनक' बताते हुए राजस्थान हाई कोर्ट ने तत्काल सुनवाई के बाद अंतरिम आदेश जारी कर राज्य सरकार से कहा है कि वह अक्षय तृतीया के मद्देनजर यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। साथ ही, आदेश में कहा गया है कि बाल विवाह को रोकने में विफलता पर पंचों-सरपंचों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर बड़े पैमाने पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। खंडपीठ ने कहा, "सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए।" आदेश में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सूची में शामिल जिन 46 बच्चों के विवाह होने हैं, वे नहीं होने पाएं।" खंडपीठ ने यद्यपि इस बात का संज्ञान लिया कि राज्य सरकार के प्रयासों से बाल विवाहों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है, फिर भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (2019-21) के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में 20-24 आयु वर्ग की 25.4 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 साल की होने से पहले ही हो गया था जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 23.3 प्रतिशत है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, "बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।" जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुर्व्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है और जिसे रोकने के लिए सरकार के साथ जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैरसरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

**और जानकारी के लिए संपर्क करें-**
जितेंद्र परमार
8595950825

## मारुति सुज़ुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

नई सोच एक्सप्रेस




देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। मारुति सुजुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस घोषणा पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, "मारुति सुजुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाती गई है। एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। इसी के साथ ही जहां नई पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है। हमेशा की तरह, अगली पीढ़ी की स्विफ्ट प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने और 'जॉय ऑफ मोबिलिटी' की सोच को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।'

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस जोशोखरोश से मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। मजदूर दिवस के अवसर पर बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन जिला शाखा जहानाबाद शहीद भगत सिंह नगर के प्रांगण में कामरेड श्रवण कुमार ने झंडोंतोलन किया। इसके बाद शहिदो के यादों में 01 मिनट का मौन रखा और बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कियागया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि पूरी दुनिया में क्रूरतम शासको, सांमती शोषण एंव पुंजीवाद का क्रूर चेहरा का जितना इतिहास पुराना है, उतना ही इनके खिलाफ लड़ने वालों का इतिहास भी पुराना है। कारखानों में उन्हें काफी कम मजदूरी मजदूरी दी जाती थी। इसका विरोध करने पर नौकरी से निकाल देना, मानसिक शारीरिक यातनाएं देना आम बात थी। इस जुल्म के खिलाफ दिन 01 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में कारखानों में मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा था। इनकी मांग थी कि हमें उचित मजदूरी, अन्य सुविधाओंके अलावे काम का अवधि है 08 घंटे किया जाय। इन मांगों के समर्थन में शिकागो में एक बड़ी रैली हुई और कल कारखानों के सारे मजदूरों ने काम ठप कर दिया। इसके प्रतिशोध मे वहां की सरकार, पूंजी वादियों और कारखानों के मालिकों के इशारे पर पुलिस ने श्रमिकों पर गोली चलाई। जिसे काफी संख्या में मजदूर मारे गये। उनके साथियों ने खून से लथपथ कपड़े को माथे पर बांधकर प्रतिज्ञा लिया कि जबतक यह अत्याचारी हमारी सभी मांगे मान नहीं लेते तब तक हम आंदोलन पर डटे रहेंगें। उनके आंदोलन एवं शहादत का सुखद परिणाम हुआ की उनकी सभी मांगे सरकार और कारखानों के मालिकों ने मान लिया। दुनिया में श्रमिक वर्ग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली एवं कार्य की अवधि 08 घंटे हुई।भारत मे भी कार्य अवधि 08 घंटे का हुआ। 01 मई को विश्व भर मेंअंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया। इन दिनों भारत में भी श्रमिक संशोधन के नाम पर जो श्रमिकों का सुविधा प्रदान था उसमें कटौती की जा रही है। देश के समस्त संसाधनों को पूंजीपतियों के हाथ में बेहिचक सौंपा जा रहा है। जिसका परिणाम है की मुट्ठी भर पूंजीपतियों का पूरे देश की संपत्ति पर अधिकार है। किसानों के उपज का लाभकारी मूल्य पूंजीपतियों के हाथों में सौंपे जाने के केन्द्र सरकार के कानून का जबरदस्त विरोध भी हुआ और पहली बार इस सरकार को किसान संशोधन विधेयक वापस लेना पड़ा। बिहार की मौजूदा गठबंधन की सरकार में भी सभी नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर तरह-तरह के नये फरमान जारी कर शिक्षक, कर्मचारियों के मूलभूत सुविधाओं में कटौती की जा रही है। कार्य की अवधि को बढ़ाया जा रहा है। सभी अवकाशों को समाप्त किया जा रहा है। मौलिक संवैधानिक अधिकारों को बोलने एवं अपनी जायज़ मांगो को रखने का अधिकार को समाप्त किया जा रहा है। यही नही सभी नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर मनमर्जी पूर्वक संविदा और आउटसोर्सिंग पर काफी कम मानदेय में कर्मी रखा जा रहा है। सरकार के इस तानाशाही मनमानी के खिलाफ शिक्षक कर्मचारी एकजूट हुए हैं एवं लोकतांत्रिक तरीकों से इसका जवाब देने के लिए तैयार है। मजदूर दिवस में शामिल कामरेड श्रीनिवास शर्मा, राज कमिटी सदस्य ,कामरेड रामबली सिंह यादव (घोसी विधायक),कामरेड मुकेश पासवान ,नगर कमिटी सचिव कामरेड गरीबन दास ,कामरेड चितरंजन पंडित, कामरेड गणेश दास ,कामरेड कली देवी कामरेड वसीअहमद ,कामरेड शिव शंकर प्रसाद एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## वी ने इंटरनेशनल यात्रा को चिंतामुक्त बनाने के लिए पेश किए अज़रबैजान एवं चुनिंदा अफ्रीकी देशों के लिए पोस्टपेड रोमिंग पैक

नई सोच एक्सप्रेस




मात्र रु 749 की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ पाएं कनेक्टिविटी का सहज अनुभव पिछले कुछ सालों के दौरान अज़रबैजान घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक अज़रबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी होकर 2023 में 120,000 के आंकड़े पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी अधिक है। इस आकर्षक गंतव्य पर घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी लेकर आए हैं अज़रबैजान और 12 अन्य अफ्रीकी देशां के लिए नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक। अज़रबैजान और अफ्रीकी देशों जैसे कैमरून, सूडान, रवांडा, आइवरी कोस्ट, लाइबेरिया, (इक्वाटोरियल) गिनीया, स्वाज़िलैण्ड, साउथ सूडा, युगांडा, ज़ाम्बिया और गिनिया बिसाउ की यात्रा करने वाले वी के पोस्टपेड उपभोक्ता अब मात्र रु 749 से शुरू होने वाले इंटरनेशनल रोमिंग पैक के साथ सहज कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। वी अपने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के कई विकल्प लाए गए हैं जैसे 24 घण्टे का पैक, 10 दिन का पैक, 14 दिन का पैक और 30 दिन का पैक। इनके साथ वे विदेश यात्रा के दौरान भी अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रह सकते हैं। साथ ही वी का 'ऑलवेज़ ऑन' फीचर उन्हें किसी भी पैक की एक्सपायरी के बाद उन्हें उंचे इंटरनेशनल रोमिंग शुल्क से सुरक्षित रखता है। वी हर यात्री की ज़रूरत के अनुसार सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल रोमिंग पैक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन अतिरिक्त देशों के साथ वी के उपभोक्ता अब दुनिया भर के 117 देशों में उचित कीमतों पर सहज इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स का लाभ उठा सकते हैं। वी के इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स के बारे में जानकारी के लिए क्लिक करें https://www.myvi.in/international-roaming-packs। आप वी ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं और अपनी अगली रोमांचक यात्रा के लिए परफेक्ट रोमिंग प्लान चुन सकते हैं। तो दुनिया आपका इंतज़ार कर रही है, वी के साथ दुनिया भर के विभिन्न स्थानों की यात्रा का लुत्फ़ उठाने के लिए तैयार हो जाएं। *इंडिया आउटबाउंड मैगज़ीन की रिपोर्ट के अनुसार।

## एचडीएफसी बैंक के पेजैप ऐप को सेलेंट मॉडल बैंक का पुरस्कार मिला

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। एचडीएफसी बैंक के मोबाइल ऐप पेज़ैप को सेलेंट मॉडल बैंक अवार्ड मिला है। एचडीएफसी बैंक के पेज़ैप को यह अवार्ड्स पेमेंट इनोवेशन की श्रेणियों में सेलेंट मॉडल बैंक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए। सेलेंट का वार्षिक मॉडल बैंक पुरस्कार बैंकिंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं का जश्न मनाता है और उन्हें स्वीकार करता है। पेज़ैप दुनिया भर के 36 देशों के 140 से अधिक नामांकनों में से चुने गए 19 विजेताओं में से एक है। इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंडों में स्पष्ट व्यावसायिक लाभ, उद्योग के सापेक्ष नवाचार का स्तर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता शामिल हैं। पेज़ैप को ज़ेटा और एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जो ज़ेटा के अगली पीढ़ी के प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म, ज़ेटा टैचियन और इसकी विशेष इंजीनियरिंग पेशकश, ज़ेटा स्टूडियोज़ का लाभ उठा रहा है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड,चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड-डायरेक्ट टू कंज्यूमर बिजनेस रवि संथानम ने अवार्ड प्राप्त करने को लेकर कहा, सेलेंट की मान्यता हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पेज़ैप हमारी डिजिटल परिवर्तन यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और अगली पीढ़ी, क्लाउड-नेटिव जारीकर्ता प्रोसेसिंग स्टैक पर निर्मित आधुनिक ग्राहक अनुभव की शक्ति का प्रमाण है। ज़ेटा के सीटीओ और सह-संस्थापक श्री रामकी गद्दीपति ने कहा, पेज़ैप की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ज़ेटा सम्मानित महसूस कर रहा है। एचडीएफसी बैंक की प्रतिभाशाली और दूरदर्शी टीमों के साथ साझेदारी में एक ज़ेटा स्टूडियो ने अद्वितीय भुगतान विकल्प प्रदान किए हैं। भारतीय उपभोक्ता. एचडीएफसी बैंक के ग्राहक मल्टीपल ऐप्स स्विच किए बिना, यूपीआई, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके अपने खाते का उपयोग करके भुगतान करना है या नहीं,यह विकल्प चुन सकते हैं।

## आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था। बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है। एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है। वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है। मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

# विरासत टैक्स और कांग्रेस का चरित्र



आरती कुमारी

जिन्हें हम अधिकार कहते हैं मातृभूमि के संदर्भ में वही हमारे लिए कर्तव्य होते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली अधिकार और कर्तव्य के बीच उतनी सूक्ष्मता से अंतर नहीं कर पाई जितनी अपेक्षा थी। जब बात राष्ट्र की आए तो वहां पर कर्तव्य अर्थात करणीय कर्म ही हमारे लिए सबसे बड़ा धर्म बन जाता है। वहां अधिकार की दुहाई देना मूर्खता की पराकाष्ठा होती है। स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज जी ने सूरत के कांग्रेस अधिवेशन की घटनाओं को लेकर कांग्रेस की दोगली नीति, चाल, चरित्र और चेहरे को लताड़ते हुए 'सद्धर्म-प्रचारक' में लिखा था- "आज तुम्हारी ( कांग्रेस के महात्मा गांधी जैसे नेताओं की ) इन्द्रियां तुम्हारे वश में नहीं, जब अपने मन पर तुम्हारा कुछ अधिकार नहीं, तब तुम दूसरे से क्या अधिकार प्राप्त कर सकते हो ? अधिकार ! अधिकार !! अधिकार !!! हा ! तुमने किस गिरे हुए शिक्षणालय में शिक्षा प्राप्त की थी ? क्या तुमने कर्तव्य नहीं सुना ? ( राष्ट्र के संदर्भ में कर्तव्य निभाने होते हैं और बिना किसी पक्षपात के निभाने होते हैं। उनके निभाने में किसी प्रकार की चूक नहीं की जाती । किसी प्रकार का तुष्टिकरण नहीं किया जाता। जो राष्ट्र हित में उचित होता है, वही किया जाता है । उसी को कर्तव्य कहते हैं। उसी को धर्म कहते हैं।) क्या तुम धर्म शब्द से अनभिज्ञ हो ? ( अर्थात अपने कर्तव्य – धर्म को जानकर अंग्रेजों के सामने भीख मत मांगो बल्कि मातृभूमि के लिए जो करना उचित है, उसे कर जाओ ) मातृभूमि में अधिकार का क्या काम ? यहां धर्म ही आश्रय दे सकता है। अधिकार शब्द से सकामता की गन्ध आती है। विषय-वासना का दृश्य दृष्टिगोचर होता है। इस अधिकार की वासना को अपने हृदय से नोंच कर फेंक दो। निष्काम भाव से धर्म का सेवन करो। माता पर जब चारों ओर से प्रहार हो रहे हों, जब उसके केश पकड़ कर दुष्ट दुःशासन उसको भूमि पर घसीट रहा हो, क्या वह समय अधिकार की पुकार मचाने का है?... शब्दों पर क्यों झगड़ते हो ? क्यों न स्वराज्य प्राप्ति के साधनों को सिद्ध करने में लगो ? स्वराज्य के प्रकार का झगड़ा आने वाली सन्तानों के लिए छोड़ो। उनकी स्वतन्त्रता पर इस समय इन झगड़ों से जंजीरें डालना अधर्म है। इस समय दोनों छल-कपट से कार्य ले रहे हैं। जिस कांग्रेस का आधार अधर्म पर है, उसका प्राप्त कराया हुआ स्वराज्य कभी भी फलदायक न होगा, कभी भी सुख तथा शान्ति का राज्य फैलाने वाला न होगा। एक ऐसे धार्मिक दल की आवश्यकता है जो विरोधी को धोखा देना भी वैसा ही पाप समझता हो, जैसे कि अपने भाई को, जो सरकारी अत्याचारों को प्रगट करते हुए अपने भाइयों की दुष्टता तथा उनके अत्याचारों को भी न छिपाने वाला हो, जो मौत के भय से भी न्याय के पथ को छोड़ने का विचार तक मन में न लाने वाला हो। पोलिटिकल जगत् में ऐसे ही अग्रणी की आवश्यकता है। क्या कोई महात्मा आगे आने का साहस करेगा और क्या उसके पीछे चलने वाले 5 पुरुष भी निकलेंगे? यदि इतना भी नहीं हो सकता तो स्वराज्य प्राप्ति के प्रोग्राम को पचास वर्षों के लिए तह करके रख दो। इस लेख में स्वामी जी महाराज स्पष्ट कह रहे हैं कि जिस कांग्रेस का आधार अधर्म है, उसका प्राप्त कराया हुआ स्वराज्य कभी भी फलदायक न होगा। स्वामी जी कांग्रेस के तुष्टीकरण के खेल के परम विरोधी थे। सनातनधर्मियों की उपेक्षा कर कांग्रेस जिस प्रकार मुसलमानों का तुष्टिकरण करती जा रही थी, उसे लेकर स्वामी जी महाराज कांग्रेस पर इसी प्रकार के तीखे प्रहार करते रहे। आज उन घटनाओं को 100 वर्ष से अधिक का समय हो गया है जब स्वामी जी महाराज कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र पर इस प्रकार की सख्त भाषा का प्रयोग कर रहे थे, पर कांग्रेस है कि उसने अपने चाल ,चरित्र पर चेहरे में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया। कांग्रेस से पूर्णतया बागी हो चुके स्वामी जी ने अन्यत्र अपने लेख में लिखा था- "यदि अग्नि और खड्ग की धार पर चलने वाले दस पागल आर्य भी निकल आवें तो राजा और प्रजा दोनों को होश में ला सकते हैं। भगवन् आर्यसमाजियों की आंखें जाने कब खुलेंगी?" 'आर्य समाज का इतिहास' नामक पुस्तक में स्वामी श्रद्धानंद जी के सुपुत्र इंद्र विद्यावाचस्पति जी लिखते हैं कि इसी दृष्टि से आप नरम दल वालों के लिए 'भिक्षार्थी' गरम दल वालों के लिए 'सुखार्थी' और सरकार के लिए 'गोराशाही' शब्दों का प्रयोग किया करते थे। आज की कांग्रेस अपने परंपरागत चाल, चरित्र और चेहरे के इतिहास पर अमल करते हुए विरासत टैक्स के माध्यम से देश के बहुसंख्यक समाज के आर्थिक संसाधनों और उसकी कमाई तक को मुसलमानों को देने की घोषणा कर रही है। देश के एक प्रांत से कांग्रेस मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दे भी चुकी है ,अन्यत्र ऐसा ही करने की तैयारी कर रही है। यद्यपि ऐसा किया जाना भारतीय संविधान की हत्या करने के समान होगा। क्योंकि हमारा संविधान संप्रदाय के आधार पर किसी भी प्रकार के आरक्षण का विरोधी है। यह अच्छा ही हुआ कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने चुनावी भाषणों में कांग्रेस की पोल खोल दी है और उसका सच पूरे देश के लोगों के सामने लाकर रख दिया है। ऐसे में देश के सनातनधर्मियों की आंखें खुलनी चाहिए और उन्हें सोच समझकर यह निर्णय लेना चाहिए कि देश दोगली चाल, चरित्र और चेहरे वाले हाथों में सुरक्षित है या फिर देश के लिए समर्पित होकर काम करने वाले नेता के हाथों सुरक्षित है? कांग्रेस ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के पोल खोल अभियान पर झूठी चिल्लाहट दिखाने का प्रयास किया है तो प्रधानमंत्री ने और भी स्पष्ट शब्दों में देश के लोगों को कांग्रेस का वास्तविक चरित्र बताने में किसी प्रकार का संकोच नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस बहुसंख्यक सनातनधर्मियों की संपत्ति को लेकर अधिक संतान वाले वर्ग के लोगों में बांट देगी। इसके संबंध में सच्चाई यह है कि कांग्रेस के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने का मन आजादी के एकदम बाद ही बना लिया था। प्रखर श्रीवास्तव X पर लिखते हैं पाकिस्तान के दबाव में नेहरु ने मुसलमानों को फुल फ्लैश आरक्षण देने का पूरा प्लान तैयार कर लिया था ! नेहरु मुसलमानों को नौकरियों के साथ-साथ चुनावों में भी आरक्षण देने का ब्लू प्रिंट तैयार कर चुके थे ! नेहरु का मुस्लिम चुनावी आरक्षण का प्लान ये था कि – इस देश में कई मुस्लिम सीट बनाई जाएंगी, जिन पर सिर्फ मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा होगा और वोट डालने का अधिकार भी सिर्फ मुसलमान को होगा... यानी सिर्फ मुसलमानों द्वारा मुसलमान प्रतिनिधि चुना जाएगा... पंचायत से लेकर लोकसभा तक ! बात 1949 की है... पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश में हिंदू विरोधी दंगे अपने पूरे उफान पर थे। करीब पांच लाख बंगाली हिंदुओं का नरसंहार कर दिया गया। वहीं करीब पचास लाख बंगाली हिंदू जान बचाकर हमेशा-हमेशा के लिए पश्चिम बंगाल आ गये। तब देश के लोगों की इच्छा थी कि पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध की तैयारी की जाए ।पर नेहरू जी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के साथ बातचीत करने का निर्णय लिया। बातचीत में लियाकत अली ने प्रधानमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह भारत के मुसलमानों को आरक्षण देने की व्यवस्था करें। बातचीत में यह भी तय किया जाना था कि दोनों देश अपने-अपनेअल्पसंख्यकों को किस प्रकार सुरक्षा प्रदान करें ? पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने तो अपनी बात निसंकोच कह दी, पर भारतीय प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू अल्पसंख्यकों की बात को उठाना तक उचित नहीं माना। भारत के प्रधानमंत्री ने मुसलमानों को नौकरी आदि में आरक्षण देने के साथ-साथ चुनाव में भी आरक्षण देने की बात को मानकर उसका एक ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया। जब इस ड्राफ्ट को प्रधानमंत्री नेहरू ने कैबिनेट की मीटिंग के समक्ष रखा तो उस समय सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री व गाडगिल ने इसका विरोध किया उन्होंने 'गवर्नमेंट फ्रॉम इनसाइड' नामक अपनी किताब में लिखा है कि जब नेहरू ने कैबिनेट के सामने अपने उपरोक्त ड्राफ्ट को रखा तो मुझे इस बात का यकीन नहीं था कि इस ड्राफ्ट पर सरदार पटेल से सहमति ली गई थी या नहीं। समझौते के अंतिम दो पैराग्राफ में भारत के सभी राज्यों की नौकरियों और प्रतिनिधि निकायों ( *सभी चुनावों में ) में मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण देने का वादा किया गया था। केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए भी यही प्रावधान रखे गये थे। हम सभी मंत्रियों को ड्रॉफ्ट की एक-एक कॉपी दे दी गई थी लेकिन किसी ने अपना मुंह नहीं खोला। तब मैंने कहा कि – 'ये दो पैराग्राफ कांग्रेस की पूरी विचारधारा के खिलाफ हैं। मुसलमानों के लिये अलग से सीट स्वीकार करने की वजह से देश को विभाजन की कीमत चुकानी पड़ी। आप हमें फिर से वही ज़हर पीने को कह रहे हैं। ये एक विश्वासघात है, पिछले चालीस वर्षों के इतिहास को भुला दिया गया है। गाडगिल लिखते हैं कि "मेरे विरोध की वजह से नेहरू नाराज थे लेकिन बाकी मंत्री खुश थे। फिर भी उनमें से किसी ने भी मेरा समर्थन करने की हिम्मत नहीं की। आधे घंटे तक चली चर्चा के बाद मंत्री गोपालस्वामी अयंगर ने कहा कि – 'गाडगिल की आपत्तियों में दम है' और उन्होने समझौते के आखिरी दो पैराग्राफ फिर तैयार करने का काम अपने हाथ में ले लिया। इस पर नेहरू ने गुस्से में जवाब दिया कि – 'मैंने लियाकत अली खान के साथ इस शर्त पर अपनी सहमति व्यक्त की है।' तब मैंने उन्हे जवाब दिया कि – 'आपने उन्हें ये भी बताया होगा कि कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही समझौते को अंतिम रूप दिया जाता है। मैं अन्य कैबिनेट सदस्यों के बारे में तो नहीं कह सकता लेकिन मैं इसका सौ फीसदी विरोध करता हूं।' इस पर सरदार पटेल ने चुपचाप सुझाव दिया कि चर्चा अगले दिन के लिए स्थगित कर दी जाए और बैठक स्थगित कर दी गई। गाडगिल अपनी किताब में आगे लिखते हैं कि उसी रात सरदार पटेल ने उन्हे ये जानकारी दी कि गोपालस्वामी आयंगर ने समझौते के ड्राफ्ट में बदलाव कर दिया है। लिहाज़ा जब अगले दिन मंत्रिमंडल की बैठक हुई तो अंतिम दो पैराग्राफों को हटा दिया गया था। इस तरह सरदार पटेल की समझदारी और एन.वी. गाडगिल की बगावत की वजह से मुसलमानों को आरक्षण देने का नेहरू का सपना चकनाचूर हो गया। समझे न... ये गेम बहुत पुराना है !!! हमें इस समय देश के उन छुपे हुए शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है जो हमारे बीच रहकर हमारी जड़ों को काट रहे हैं। हमें उन कालिदासों से भी बचने की आवश्यकता है जो जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काट रहे हैं। देश अब और अधिक 'जयचंद' झेलने की स्थिति में नहीं है। यदि अभी नहीं तो कभी नहीं के आधार पर निर्णय लेकर चुनाव में हमें हिस्सा लेना चाहिए।

# गर्मी में भी अभी तक चुनावी ठंडी का अहसास क्यों है ?

अशोक भाटिया

दो चरण का चुनाव हो चुका है और अब 7 मई को तीसरे चरण में 96 सीटों के लिए मतदान की तैयारी है। लेकिन सब ओर से एक ही शिकायत सुनाई दे रही है कि अब तक लोकसभा चुनाव ने रंगत नहीं पकड़ी है। इसके प्रमुख रूप से क्या कारण हो सकते हैं, इस पर लोगों की अलग – अलग राय है । इस बार अप्रैल का महीना सामान्य से तीन डिग्री तक अधिक गर्म रहा । उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक सब जगह लोग अचानक बढ़ी इस गर्मी से बेहाल हैं। मौसम विभाग ने पहले ही बता दिया था कि इस साल अल नीना का असर है और तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। अत्यधिक तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़े के कारण न तो नेता और न उनके प्रचार करनेवाले कार्यकर्ता बाहर निकल रहे हैं और न ही मतदाताओं में कोई उत्साह दिख रहा है। मतदान का प्रतिशत भी पिछले चुनावों की अपेक्षा कम ही हो रहा है । उत्तर भारत में अभी जहां वोटिंग हुई या अगले चरणों में होनेवाली है वहां सुबह 9 बजे के बाद और शाम के 5 बजे तक घर से निकलनेवाले हालात ही नहीं है। इसका असर आम चुनाव पर भी पड़ा है और नेता, कार्यकर्ता, मतदाता सभी सुस्त नजर आ रहे हैं। सिर्फ बड़े नेताओं की बड़ी रैलियों तक ही चुनाव प्रचार सिमटकर रह गया है। किसी भी राज्य का चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव उसमें चौक चौराहों की बैठकी, चाय पान की दुकान पर चर्चा ही राजनीतिक माहौल बनाते आये हैं। लेकिन जैसे जैसे सोशल मीडिया का प्रसार बढ़ा है, ऐसी चर्चाओं पर असर पड़ा है। जो चर्चाएं लोगों के बीच होती थी, अब वह फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब और वाट्सएप्प पर होने लगी हैं। टीवी डिबेट की जगह यू ट्यूब पर ग्राउण्ड रिपोर्टिंग अधिक प्रभावी होती जा रही है। इसके साथ ही लोग अपनी अपनी सुविधा अनुसार कहीं ट्विटर (एक्स) पर बिजी हैं तो कहीं वाट्स एप्प पर। ट्विटर के रोज बनने बिगड़नेवाले ट्रेन्ड जहां बौद्धिक लोगों को उलझाये हुए हैं, वहीं जन सामान्य वाट्सएप्प मैसेज फारवर्ड करके अपनी राजनीतिक सक्रियता दिखा रहा है। लेकिन इनमें सबसे बड़ा खतरा है विश्वसनीयता का। एक वर्ग ऐसी चर्चाओं का हिस्सा जरूर है लेकिन इसमें फेक न्यूज का भी प्रसार धड़ल्ले से हो रहा है। इसके कारण इन चर्चाओं और बहसों पर विश्वसनीयता का सबसे बड़ा संकट है। फिर भी सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रभावशाली होने का असर भी इस आम चुनाव की सरगर्मी को ऑफलाइन से हटाकर ऑनलाइन की ओर ले गया है। इस बार के आम चुनाव में एक और ट्रेन्ड जो साफ साफ दिखाई देने लगा है, वह यह कि इस बार का चुनाव नेतृत्व चुनने का चुनाव नहीं है। इस बार सारा जोर उम्मीदवारों पर है। कहने के लिए यह आम चुनाव जरूर है लेकिन बीते दो दशक में ऐसा पहली बार दिखाई दे रहा है कि जनता की रुचि राष्ट्रीय नेतृत्व से ज्यादा स्थानीय उम्मीदवार में है। इसीलिए इस बार का आम चुनाव मोदी या राहुल गांधी में से किसी एक को चुनने का चुनाव नहीं है। जनता मानों उस दृष्टिकोण से इस चुनाव को देख ही नहीं रही है। इस बार स्थानीय उम्मीदवार पर सारा जोर है। इसलिए सीट दर सीट चुनावी गणित बन बिगड़ रहे हैं। मतदाता भी स्थानीय उम्मीदवारों को लेकर ही चर्चा कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपनी सुविधा और संसाधनों को देखते हुए इस बार 7 चरणों में चुनाव करवाने का फैसला किया है। अभी तक जो दो चरण हुए हैं उसमें 19 अप्रैल को 102 और 26 अप्रैल को 89 सीटों के लिए मतदान हुआ है। ये सीटें भी कई राज्यों में फैली हुई हैं। कुछ राज्यों में तो ऐसा हो रहा है कि बड़ा राज्य होने के बावजूद वहां एक चरण में पांच से आठ सीटों के लिए मतदान हुआ है। इसलिए भी चुनाव में सरगर्मी नहीं आ रही है। कम चरणों में चुनाव होने से एक राष्ट्रव्यापी माहौल बनता है और सब उसमें शामिल होते हैं। अगर चुनाव को लंबा खींचा जाए तो मतदाता में ही कोई उत्साह नहीं बचता है। इसलिए भी इस बार आमचुनाव का माहौल अभी तक नहीं बन पाया है। आनेवाले चरणों में तो पांचवे में 49, छठे में 57 और सातवें में 57 सीटों के लिए मतदान होगा। इससे चुनाव का राष्ट्रव्यापी माहौल आगे चलकर बन ही जाएगा, इसमें भी संदेह है। इस बार के आम चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों का घोर अभाव है। कांग्रेस की ओर से मोदी सरकार के खिलाफ कोई ऐसा मुद्दा नहीं उठाया गया है जिस पर राष्ट्रव्यापी चर्चा हो। दूसरी ओर भाजपा ने राम मंदिर को जरूर राष्ट्रव्यापी मुद्दा बनाने का प्रयास किया लेकिन उसमें भी उन्हें सफलता मिलती नहीं दिख रही है। इसलिए भाजपा की ओर से जहां कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टीकरण को एक बार फिर उठाया जा रहा है, वहीं कर्नाटक में देवगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना की सेक्स सीडी को कांग्रेस अब राष्ट्रव्यापी मुद्दा बनाने में लग गयी है। उसका पूरा इकोसिस्टम इसे राष्ट्रव्यापी स्तर पर उठाना चाहता है, क्योंकि बीजेपी कर्नाटक में जेडीएस की साझीदार है और प्रज्ज्वल भी चुनावों में उम्मीदवार है। इस बार के आमचुनाव में यह भी एक ऐसा फैक्टर है जिसने चुनाव की सरगर्मी को कम किया है। एक ओर सत्ताधारी भाजपा है जो यह मानकर चल रही है उसको मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भी बंपर बहुमत मिलनेवाला है। दूसरी ओर कांग्रेस सहित अन्य लगभग सभी क्षेत्रीय पार्टियां इसी मनोवैज्ञानिक दबाव में फंसी हुई हैं कि जब भाजपा जीत ही रही है तो बहुत मेहनत करके भी क्या हासिल होगा ?एक ओर जीत के प्रति आश्वस्त भाजपा कार्यकर्ता भी शिथिल पड़े हुए हैं तो दूसरी ओर विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता खुद को हारा हुआ मानकर चल रहे हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के कारण भी विपक्षी पार्टियों में तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। इसका असर भी चुनाव की सरगर्मी पर पड़ा है। इनके अलावा और भी कई कारण हैं जिसका असर इस बार के आम चुनाव पर पड़ा है। यह सीजन शादी विवाह का सीजन भी होता है और गर्मी की छुट्टियों का भी। इसलिए ग्रामीण मतदाता जहां अपनी खेती और सामाजिक कामों में व्यस्त रहता है वहीं शहरी मतदाता गर्मी की छुट्टियां होते ही सैर सपाटे पर निकल जाता है। बहरहाल, उम्मीद करनी चाहिए कि तीसरे चरण के बाद से चुनावों में सरगर्मी आयेगी। भाजपा खेमे से आ रही कम सीटों की आहट ने न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया है बल्कि विपक्षी पार्टियों में भी नया जोश आया है। इस सबका असर चुनाव के शेष रहे चरणों पर जरूर होगा और उम्मीद करनी चाहिए कि मतदान का अंत उतना फीका नहीं रहेगा जितनी फीकी इसकी शुरुआत रही है।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जाएंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके सोचे हुए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ कोई परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आप धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार करेगे और योजना बनाएंगे। आपकी योजनाएं सफल होने के योग हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज कोई पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। दूसरों को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। किसी भी कार्य को करने में धैर्य और समझदारी रखें। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज किसी उच्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं, आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अछ्छी रहेगी। आज आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहने वाला है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाल है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको खुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता मिलने के योग भी हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरा कर लेंगे।

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल

मृत्युंजय दीक्षित

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगववादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित



किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है। सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुर्बानी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है," बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का" किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है।

# आईपीएल 2024 : पंजाब ने सीएसके को 7 विकेट से हराया

एजेंसी, चेन्नई



आईपीएल 2024 के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को सात विकेट से हरा दिया। यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में पंजाब के स्पिनर हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने दो-दो विकेट लिए जबकि जॉनी बेयरस्टो 46 और रिले रोसौव 43 के बीच अहम साझेदारी हुई। बराड़ और चाहर ने बीच के ओवरों में सीएसके के बल्लेबाजी को रन नहीं देकर उनपर दबाव बढ़ा दिया। इससे सीएसके टीम 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रन ही बना पायी। पंजाब ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की ओर से बेयरस्टो और रोसौव ने 46 और 43 रन बनाए। पंजाब किंग्स की टीम अब सीएसके पर अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल करने के साथ ही अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। पंजाब की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 163 रनों का पीछा करते हुए प्रभसिमरन सिंह ने शुरुआत में ही 13 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। , इसके बाद रिले रोसौव ने तेजी से खेलना शुरु किया और लगातार चार चौके लगा दिये। बेयरस्टो ने भी उम्मीद के अनुसार खेलते हुए बड़े शॉट से शुरुआत की। उनके आउट होने के बाद शशांक और कप्तान सैम कुरेन ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी करते हुए अपनी टीम की जीत तय कर दी। वहीं इससे पहले सीएसके की ओर से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सबसे अधिक 62 रन जबकि अजिंक्य रहाणे ने 29 रन बनाये।

# मयंक के दोबारा चोटिल होने के लिए सुपर जॉयंट्स का प्रबंधन दोषी : ब्रेट ली

एजेंसी, सिडनी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने लखनऊ सुपर जॉयंट्स के उभरते हुए तेज गेंदबाज मयंक यादव के दूसरी बार चोटिल होने पर चिन्ता जताते हुए टीम प्रबंधन पर निशाना साधा है। ब्रेट ली के अनुसार मयंक को पूरी तरह से फिट होने तक नहीं दिया जा रहा है। टीम प्रबंधन ने अपने लाभ के लिए उन्हें जबरदस्ती मैदान में उतारा था। इसी कारण वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना ओवर तक पूरा नहीं कर पाये। ली ने कहा कि मयंक को समय से पहले ही मैदान में उतार दिया गया जबकि उन्हें जिस प्रकार से पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आया है उसे ठीक होने में काफी समय लगता है। मयंक इस आईपीएल सत्र में इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर चर्चाओं में आये थे। उन्हें गत माह गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पेट में जकड़न महसूस हुई। यह उनका तीसरा आईपीएल मैच था। अपने शुरुआती दोनों मैच में 150 से अधिक की गति से गेंद फेंकी थी। इसी का उसे दोनो ही मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का इनाम भी मिला था। इसके बाद उसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक बार फिर वापसी की पर वह इस बार भी चौथे ओवर के बाद खेल नहीं पाया। वहीं उनकी टीम के कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि इस युवा तेज गेंदबाज को उसी स्थान पर दर्द हुआ जिसके कारण वह लगभग तीन सप्ताह तक मैदान से बाहर था। ली ने कहना है किलखनऊ टीम के शीर्ष प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ की गलती के कारण आज मयंक की ये हालत हुई है। उन्होंने कहा कि जकड़न ठीक होने में कम से कम चार से छह सप्ताह का समय लगता है। हमें नहीं पता कि यह कितना गंभीर है पर जो खिलाड़ी 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करके अपने शरीर पर बोझ डाल रहा है उसके लिए यह बिलकुल भी अच्छा प्रबंधन नहीं कहा जा सकता है।'

## मयंक को पूरी तरह से फिट होने पर ही उतारे : कैफ

**एजेंसी, नई दिल्ली** : पूर्व क्रिकेटर मोम्मद कैफ ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर चिन्ता जतायी है। मयंक ने इस सत्र में आईपीएल इंतहास की सबसे तेज गेंद फेंकी थी पर वह तीसरे मैच में ही मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गये थे। इसके बाद वापसी करते हुए भी वह पूरा ओवर नहीं कर पाये। इसी को लेकर उनकी फिटनेस पर सवाल उठे हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने फायदे के लिए फिट न होने के बाद भी मयंक को मैच में उतार दिया। इसी को लेकर कैफ भी नाराज नजर आये। कैप ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लखनऊ फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई से कहा है कि मयंक भारतीय क्रिकेट का भविष्य है इसलिए उसका ध्यान रखने की जरुरत है। कैफ के अनुसार मयंक बेहद प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज हैं। इसलिए उसके करियर के साथ किसी प्रकार का खिलबाड़ नहीं होना चाहिए।

# अगले साल भारत में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : बीडब्ल्यूएफ

एजेंसी, नई दिल्ली



विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है। '' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को बनाया कप्तान

एजेंसी, सिडनी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है। सीए ने एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ को शामिल नहीं किया गया है। इसके अलाव आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से धूम मचाने वाले बल्लेबजा जैक फ्रेजर मैकगर्क को भी जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की इस टीम में पैट कमिंस भी शामिली हैं पर उन्हें कप्तानी नहीं मिली है। वह एक तेज गेंदबाज के तौर पर रहेंगे।

# धोनी जैसे फिनिशर बन सकते हैं रिंकू : सिद्धू




एजेंसी, मुम्बई



पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का मानना है कि रिंकू सिंह एक बेहतरीन फिनिशर हैं और वह इस भूमिका में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जगह ले सकते हैं। धोनी के संन्यास के बाद से ही भारतीय टीम किसी अच्छे फिनिशर की तलाश में है और सिद्धू का मानना है कि ये रिंकू से पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि रिंकू इस मामले में टीम के लिए फायदेमंद साबित होंगे। रिंकू ने कुछ मैचों में भारतीय टीम के लिए अपनी प्रतिभा दिखाई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वह फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। रिंकू को इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी कौशल दिखने का पूरा अवसर नहीं मिला है। सिद्धू ने कहा, रिंकू धोनी की जगह ले सकते हैं। वह दिग्गज खिलाड़ी की तरह खेल खत्म कर सकते हैं। रिंकू काफी प्रतिभाशाली है और मैदान के सभी हिस्सों में शॉट लगाने में सक्षम है। इसके साथ ही स्वभाव की बात करें तो वह धोनी की तरह ही वह शांत और तनावमुक्त रहता है। कठिन अवसरों पर भी बल्लेबाजी करते समय वह दबाव में नहीं आता और खुलकर बल्लेबाजी करता है। ऐसे में वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं और अवसर दिये जाने पर वह वह लंबे समय तक टीम के लिए फिनिशर की जिम्मेदारी निभा सकता है।

## व्यापार

# सेबी ने म्यूचुअल फंड खातों के लिए नॉमिनी करना वैकल्पिक बनाया

एजेंसी, मुंबई



सेबी ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से रखे जाने वाले म्यूचुअल फंड खातों के लिए किसी व्यक्ति को नॉमिनी करना वैकल्पिक बना दिया है। साथ ही सेबी ने 'फंड हाउस' को जिंस और विदेशी निवेश की निगरानी के लिए एक ही 'फंड मैनेजर' रखने की अनुमति दी है। इससे उसके प्रबंधन की लागत कम होगी। सेबी का यह कदम उसके द्वारा गठित एक कार्य समूह द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों की समीक्षा करने और कारोबार को आसान बनाने के लिए उपायों की सिफारिश करने के बाद उठाए हैं। कार्य समूह की सिफारिश के आधार पर सार्वजनिक परामर्श किया गया, जिसमें संयुक्त म्यूचुअल फंड खातों में किसी को नामित करने को वैकल्पिक बनाने और 'फंड हाउस' को जिंस तथा विदेशी निवेशों की देखरेख के लिए एक ही फंड मैनेजर रखने की अनुमति देने का विकल्प सुझाया गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, तदनुसार यह निर्णय लिया गया है कि संयुक्त म्यूचुअल फंड फोलियो में किसी को नामित करना वैकल्पिक होगा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त धारकों के लिए किसी को नामित करने की आवश्यकताओं में छूट फायदेमंद होगी। इससे जीवित सदस्य नामित माना जाएगा जिससे नामांकन की प्रक्रिया सुगम बनेगी। नियामक ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए किसी व्यक्ति को नामित करने की आखिरी तारीख 30 जून 2024 तय की है। यदि वे इसका पालन करने में विफल रहते हैं, तब उनके खाते निकासी के लिए 'फ्रीज' कर दिए जाएंगे। सेबी ने कहा कि जिंस आधारित कोष जैसे गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड), सिल्वर ईटीएफ और जिंस बाजार में भाग लेने वाले अन्य फंड के लिए समर्पित फंड मैनेजर की नियुक्ति वैकल्पिक होगी। साथ ही, विदेशी निवेश करने के लिए भी समर्पित फंड मैनेजर की नियुक्ति वैकल्पिक होगी।

# भारत में वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन लॉन्च

एजेंसी, मुंबई




भारत में वीयू टेलीविज़न ने वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन लॉन्च किया है। इस टीवी में खास 50 वॉट का ट्यूब स्पीकर मिलता है, जिनके बारे में दावा किया जाता है कि यह बेस्ट साउंड क्लैरिटी के साथ आता है। नया लॉन्च किया गया वीयू सिनेमा टीवी 2024 एडिशन दो साइज़ में आता है, जिसमें 43-इंच और 55-इंच शामिल है। नया लॉन्च किया गया वीयू सिनेमा टीवी दो साइज़ में आता है। 45-इंच वीयू सिनेमा 43 इंच टीवी की कीमत 25,999 रुपये और इसके 55-इंच टीवी की कीमत 34,999 रुपये रखी गई है। ये दोनों वेरिएंट फ्लिपकार्ट और पूरे भारत के सभी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। इसके स्पीकर यूज़र को हाई क्वालिटी वाला साउंड का एक्सपीरिएंस मिलेगा। नए टीवी की एक खास बात ये भी है कि इसमें एयरप्ले कनेक्टिविटी का ऑप्शन मिलता है, जो आईफोन यूज़र्स को टीवी पर अपनी कंटेंट को दिखाने की अनुमति देता है। नए वीयू सिनेमा टीवी 2024 में 400 नीटस की पीक ब्राइटनेस के साथ 4के आईपीएस डिस्प्ले मिलता है। इसमें वॉयस सर्च फीचर भी दिया गया है, और रिमोट कंट्रोल में पॉपुलर ऐप्स के लिए शॉर्टकट भी दिए गए हैं। रिमोट में 'मूवीज़' लेबल वाली एक हॉटकी भी है जिसमें एक ही जगह पर अलग-अलग प्लेटफार्म से फिल्मों की एक लिस्ट है ताकि इसे यूज़र्स द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सके। टीवी में डॉल्बी ऑडियो एन्हांसमेंट भी है। वीयू सिनेमा टीवी वेब ओएस पर काम करता है, और इसमें 1000 से ज्यादा ऐप्स मिलती हैं, जिनमें नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, यूट्यूब और अन्य जैसे पॉपुलर ऐप शामिल हैं। टीवी में टू वे ब्लूटूथ ऑप्शन भी हैं जो यूज़र्स को टीवी पर अपने स्मार्टफोन की प्लेलिस्ट सुनने की अनुमति देते हैं।

# सोना 71,300, चांदी लगभग 80,300 रुपए

एजेंसी, नई दिल्ली



सोने और चांदी के वायदा कारोबार में गुरुवार को तेजी देखी जा रही है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव में 71,300 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 80,300 रुपये के करीब कारोबार देखा जा रहा है। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट आज 553 रुपये की तेजी के साथ 71,278 रुपये के भाव पर खुलकर 396 रुपये की तेजी के साथ 71,121 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 268 रुपये की तेजी के साथ 81,495 रुपये के भाव पर खुलकर 124 रुपये की तेजी के साथ 81,351 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,329.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,311 डॉलर था। फिलहाल यह 19.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,330.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 26.90 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 26.74 डॉलर था। फिलहाल यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 26.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## मारुति सुजुकी ने अप्रैल में बेचीं 1.68 लाख कारें

**एजेंसी, नई दिल्ली** : देश की वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की अप्रैल महीने में कुल बिक्री 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,68,089 इकाई रही। कंपनी ने अप्रैल, 2023 में 1,60,529 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,37,952 इकाई रही, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,37,320 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री अप्रैल, 2023 के 14,110 इकाई की तुलना में घटकर पिछले महीने 11,519 इकाई रह गई। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी पिछले महीने घटकर 56,953 इकाई रह गई, जो पिछले साल अप्रैल में 74,935 इकाई थी।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

एजेंसी, मुम्बई



घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों और खरीदारी से बाजार की शुरुआत अच्छी रही पर बाद में आये दबाव से ये सीमित दायरे में पहुंच गया। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप 0.9 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.29 फीसदी पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक करीब 0.17 फीसदी बढ़कर 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 43.35 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। वहीं गत दिवस महाराष्ट्र दिवस पर बाजार बंद था जबकि इसके पहले मंगलवार को बाजार सुबह उपर आया पर दिन के अंत में में बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह विश्व भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 74,639 पर और एनएसई निफ्टी-50 41 अंक बढ़कर 22,646 पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स, एमएंडएम, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक ने सेंसेक्स पर बढ़त हासिल की, जबकि एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एक्सिस बैंक लाल निशान में कारोबार कर रहे थे! एशियाई बाजारों में भी गुरुवार को गिरावट के साथ कारोबार हुआ। गुरुवार की सुबह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक के बाद ब्याज दरों को अपरिवर्तित बनाए रखने के फैसले के बाद ज्यादातर एशियाई बाजारों में ये गिरावट आई। जापान का निक्की 225 0.29 फीसदी नीचे था, जबकि व्यापक आधारित टॉपिक्स सूचकांक 0.11 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ लगभग सपाट कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बेंचमार्क सूचकांक जो पिछले कारोबारी सत्र में 2 फीसदी तक गिर गए थे, यूएस फेड बैठक के परिणाम के बाद मिश्रित नोट पर समाप्त हुए। डॉव में 0.23 फीसदी की वृद्धि के साथ 87.37 अंक की बढ़त हुई जबकि एसएंडपी 500 में 0.34 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.33 फीसदी की गिरावट रही।



# ...इन फिल्मों ने बदलकर रख दिया कैटरीना का करियर

वर्ष 2003 में कैटरीना कैफ ने फिल्म बूम से बॉलीवुड में कदम रखे। इसके बाद वह कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रही हैं। कैटरीना ने हाल ही में अपनी उन फिल्मों का जिक्र किया, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी। कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान अर्जित की है। अपने दो दशक से अधिक के करियर में कैटरीना ने एक लंबी पारी खेली है और यह जारी है। उन्होंने फिल्म बूम से अभिनय का सफर शुरू किया था। इस साल वह श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आईं। कई फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री का मानना है कि कुछ फिल्में ऐसी रही हैं, जिन्होंने उनके करियर को एक नई दिशा दी है।
कैटरीना कैफ हाल ही में अपनी इस साल आई फिल्म मैरी क्रिसमस का जिक्र करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने निर्देशक श्रीराम राघवन की जमकर तारीफ की। श्रीराम राघवन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों के किरदारों को जब आप स्क्रीन पर देखते हैं, तो उनमें एक वास्तविकता होती है। कैटरीना का कहना है कि उन्हें सिर्फ फिल्म मैरी क्रिसमस पर ही गर्व नहीं है, बल्कि ऐसी और भी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी।

## जिंदगी का हिस्सा बन गईं फिल्में

कैटरीना ने कहा कि नमस्ते लंदन, वेलकम, सिंह इज किंग, न्यूयॉर्क, अजब प्रेम की गजब कहानी, राजनीति, जिंदगी ना मिले दोबारा जैसी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनका करियर बदल दिया। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इन्हें सिर्फ फिल्म नहीं कहूंगी। ये मेरी जिंदगी के कुछ पल हैं। ये भावनाओं और अहसासों से पूरी तरह लबरेज हैं। कैटरीना ने कहा कि एक कलाकार के रूप में इन फिल्मों में काम करते हुए मेरे लिए वे अनोखे पल थे। कैटरीना का कहना है कि दर्शक उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दर्शकों को पहले रखती हूं। अपने पूरे करियर में अपनी पसंद के हिसाब से रहने की पूरी कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मैं संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं। कौन सी स्टोरी मुझे खुद से जुड़ी लगती है और कौन सी स्टोरी दर्शकों से कनेक्ट करेगी। क्या चीज मुझे संतुष्टि देगी और किस चीज से मैं आगे बढ़ूंगी, फिलहाल ये सब मैं करना चाहती हूं।



# सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं बॉलीवुड की ये अभिनेत्रियां

**बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां कमाई के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। फिल्मों के अलावा वे विज्ञापन के जरिए भी अच्छी-खासी कमाई करती हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ये अभिनेत्रियां टैक्स भरने के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। आइए आज आपको बॉलीवुड की कुछ ऐसी ही अभिनेत्रिओं के बारे में बताते हैं -**

इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण का नाम सबसे पहले आता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें दीपिका बॉलीवुड में सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं। वहीं अगर अभिनेत्री की कमाई की बात करें तो विज्ञापन और फिल्मों के जरिए करोड़ों में कमाई करती हैं। सोशल मीडिया पर भी उन्हें काफी संख्या में फॉलो करते हैं। रिपोर्ट की मानें तो दीपिका टैक्स भरने के मामले में कई स्टार्स से आगे हैं।

## कियारा आडवाणी



इस लिस्ट में बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी का भी नाम शामिल है। कियारा बॉलीवुड को कई हिट फ़िल्में दे चुकी हैं। फिल्मों के साथ-साथ वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। कियारा की जितनी आमदनी है उस हिसाब से वे करोड़ों रुपये का टैक्स भरती हैं।


## आलिया



बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आती हैं। आलिया कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। फिल्मों के अलावा वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया पांच से छह करोड़ रुपये हर साल का आयकर भरती हैं।


## कटरीना कैफ

कटरीना कैफ की गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। सोशल मीडिया पर उन्हें करोड़ों लोग उन्हें फॉलो करते हैं। फिल्मों के अलावा विज्ञापनों के जरिए भी वे करोड़ों रुपए कमाती हैं। वहीं टैक्स भरने में भी वे कई हसीनाओं से आगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मानें तो साल 2013-14 में वे सबसे अधिक टैक्स भरने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं।




# विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की शूटिंग हुई पूरी, राजकुमार राव ने साझा की जानकारी

राजकुमार राव की गिनती बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में होती है। वे अब तक अपनी कई फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। जल्द ही वे एक नई फिल्म के साथ फैंस को खास तोहफा देने वाले हैं। इस फिल्म का नाम विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है। फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। इसका निर्देशन ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 बना चुके राज शांडिल्य ने किया है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई है। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक की कहानी देखने को मिलेगी। यह फिल्म टी-सीरीज फिल्म्स, बालाजी टेलीफिल्म्स और वकाओ फिल्म्स के साथ थिंकिंक पिक्चर्ज के सहयोग से बनी है। शूटिंग खत्म होने के बाद इससे जुड़ीं तस्वीरें भी अब सामने आ गई हैं। तस्वीरों में फिल्म की पूरी कास्ट नजर आ रही है। एक तस्वीर में राज के साथ राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी दिख रही हैं। शूटिंग खत्म होने की जानकारी राजकुमार राव ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव इस समय अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस हैरान रह गए थे। इस फिल्म को 10 मई को रिलीज करने की तैयारी है। वहीं, तृप्ति डिमरी की बात करें तो वे भूल भुलैया 3 और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




# वरुण और जान्हवी की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में सान्या मल्होत्रा की हुई एंट्री



निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के बाद दो नए कलाकारों की एंट्री हो गई है। वरुण धवन और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी रोमांस और भरपूर मनोरंजन से भरी होगी। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म में जान्हवी कपूर और वरुण धवन अहम किरदार में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें भरपूर मनोरंजन के साथ प्यार, तकरार और खूब सारी मस्ती देखने को मिलेगी। अब इस फिल्म में दो नए चेहरे जुड़ गए हैं। मीडिया सूत्रों की माने तो इस फिल्म में रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा की एंट्री हो गई है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ का काफी मजेदार रोल होगा। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान और मुंबई में होगी। यह फिल्म इस साल के आखिर तक रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म की घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ 22 फरवरी 2024 को की गई थी। इस पोस्ट में लिखा था, आपका सनी संस्कारी अपनी तुलसी कुमारी को लेने के लिए रास्ते में है। इस फिल्म में वरुण धवन सनी संस्कारी की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि जान्हवी कपूर तुलसी कुमारी की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म से पहले भी वरुण और जान्हवी एक साथ फिल्म बवाल में काम कर चुके हैं। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद भी आई थी। दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया था। एक बार फिर से जान्हवी कपूर और वरुण धवन की जोड़ी को देखने के लिए फैंस बेकरार हैं।

## रोहित और सान्या की आगामी फिल्म

रोहित जल्द ही ओटीटी रिलीज मिसमैच्ड 3 के अलावा एक रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड की थिएट्रिकल रिलीज के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में उन्हें जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा जाएगा। निपुण अधिकारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 28 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सान्या मिसेज में नजर आएंगी, जिसे हवाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024, पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था।

# इस फिल्म से डेब्यू करेंगे इब्राहिम अली खान



इब्राहिम अली खान अपनी सोशल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। उनका नाम अक्सर किसी ना किसी अभिनेत्री से जुड़ता आया है। हाल ही में इब्राहिम को सिटी में सपॉट किया गया। इस मौके पर पैपराजी ने इब्राहिम से उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के बारे में पूछा। तब इब्राहिम ने खुलासा करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर एक बड़ा खुलासा करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम ने कुछ फिल्मों को साइन भी कर लिया है। अब इंट्राग्राम पर इब्राहिम अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा करेंगे। इब्राहिम की इन बातों को सुनने के बाद उनके फैंस इस उलझन में फंस हुए हैं कि आखिर इब्राहिम किस तरह का एलान करने वाले हैं। क्योंकि वह तो पहले ही फिल्म सरजमीन में काम कर रहे हैं। तो फिर वह किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करना चाहते हैं।
मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम के पास करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म सरजमीन है। इब्राहिम की फिल्म सरजमीन की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म साल 2025 तक सिनेमाघरों में आ सकती है। इस फिल्म में इब्राहिम के अलावा काजोल भी नजर आ सकती हैं। अब देखना यह है कि कल सुबह इब्राहिम अपनी किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हैं। इस फिल्म से बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी भी बतौर डायरेक्टर अपनी शुरुआत करने वाले हैं। इब्राहिम की इस फिल्म के लिए अभीतक किसी अभिनेत्री को अप्रोच नहीं किया गया है। इब्राहिम का अंदाज अपने पिता से बहुत मेल खाता है। इससे पहले इब्राहिम की बहन और एक्ट्रेस सारा अली खान ने ही यह कंफर्म किया था कि उनका भाई फिल्मों में डेब्यू करने वाला है। सारा ने यह भी बताया था कि इब्राहिम ने हाल ही अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। हो सकता है कि सारा उनकी फिल्म सरजमीन के बारे में ही बात कर रही हो।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पीएम मोदी बोलेः कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद,यहां कांग्रेस दम तोड़ रही,वहां पाकिस्तान रो रहा;वो चाहता है शहजादा प्रधानमंत्री बने
2 आणंद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा,उन्होंने कहाःदेश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है,अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है,वो शासनकाल था,ये सेवाकाल है,कांग्रेस के 60 साल में करीब 60 फीसदी ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था,10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए
3 रैली में पीएम मोदी ने कहाः2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के प्रधानमंत्री बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे,जब उन्होंने छोड़ा था,तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था,10 साल में इस गुजराती ने,चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया
4 लोकसभा चुनाव-2024ःप्रियंका बोलींःमोदी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लाए,कोविड सर्टिफिकेट से पीएम की फोटो गायब
5 जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस के नेता सनातन विरोधी लोगों के साथ खड़े हैं,ये वो लोग हैं जो भगवान राम को नहीं मानते हैं,देश के टुकड़े-टुकड़े करने की सोच रखने वाले को चुनाव लड़ने के लिए टिकट देते हैं
6 नड्डा बोलेःराजद का मतलब है रिश्वतखोर, जंगलराज,दलदल, अररिया में कहाः घमंडिया भ्रष्टाचारियों का कुनबा,इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं
7 अमेठी-रायबरेली से राहुल-प्रियंका की उम्मीदवारी को लेकर जयराम रमेश बोलेःशाम तक होगी घोषणा
8 भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद ही यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ,दूसरे चरण में भाजपा की सीटें बहुत कम हो जाएंगी
9 नरेंद्र मोदी पर खूब बरसे शरद पवार,मैंने ऐसा पीएम पहले नहीं देखा,मुद्दे की बात ही नहीं करते
10 कर्नाटक अश्लील वीडियो केस में एसआईटी का एक्शन, जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी
11 गोदरेज इंडस्ट्रीज का शेयर 7% फिसला, सेंसेक्स 128 अंक बढ़कर 74,611 पर बंद,निफ्टी भी 43 अंक चढ़ा
12 गुजरात में पीएम मोदी ने कहाःकांग्रेस के शहजादा कहते हैं कि मोदी तीसरी बार आए तो देश में आग लग जाएगी
13 आतंक के आकाओं को उनके घर में ही डोज देता है नया भारत,बोले पीएम मोदी
14 झूठ की मशीन बन गए हैं पीएम,राहुल गांधी बोलेःहताश,निराश और अब हारे हुए प्रधानमंत्री की बातें सुनिए
15 यूपी अब ठंडा हो गया है,यहां चल रही हैं शिमला जैसी हवाएं, अनुराग ठाकुर ने बोलेः एक परिवार ने यूपी को किया टाटा,दूसरे में चाचा को छोड़ सब लड़ रहे चुनाव
16 रामलला के दर्शन कर भावुक हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु,हनुमान गढ़ी में भी लगाई हाजिरी
17 कर्नाटक सेक्स स्कैंडलःसिद्धारमैया ने पीएम मोदी को लेटर लिखा,कहाःप्रज्वल को भारत लाने में मदद करें,उनका डिप्लोमेटिक पासपोर्ट कैंसल करें
18 ईवीएम के साथ 45 दिन सुरक्षित रखी जाएगी सिंबल लोडिंग यूनिट,चुनाव आयोग का संशोधित प्रोटोकॉल जारी
19 हुबली मर्डर केसः नेहा की फैमिली से अमित शाह मिले,कहाः हर हाल में न्याय मिलेगा,जरूरत पड़ी तो सीबीआई जांच होगी
20 सीएम योगी ने राहुल गांधी को दी इटली जाने की सलाह,कहाःभारत में वक्त वर्बाद न करें
21 चुनाव के बाद कांग्रेस इतिहास बनने वाली है,कांग्रेस को देश की जनता पूरी तरह से ठुकरा देगी,यूपी विधानसभा में तो जनता ने इन्हें चार सीट तक नहीं दी,यानी राम नाम सत्य बोलने वाले चार लोग भी नहीं हैं,इनके पासःसीएम योगी
22 123 साल में सबसे गर्म रहा अप्रैल,मई में 11 दिनों तक लू की संभावना;टूटा औसत न्यूनतम तापमान का रिकॉर्ड
23 सुप्रीम कोर्ट का शादी पर बड़ा फैसला : सात फेरों के बिना हिंदू विवाह मान्य नहीं
24 चुनावी मौसम में सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर,19 रुपए तक घटे दाम
25 टीवी की अनुपमा की राजनीति में एंट्री, बीजेपी में शामिल हुईं एक्ट्रेस रुपाली गांगुली
26 सलमान खान के घर फायरिंग मामलाः हिरासत में आत्महत्या की कोशिश करने वाले आरोपी अनुज थापन की मौत
27 चीन में बारिश-तूफान का कहर जारी,राजमार्ग ढहने से कम से कम 19 लोगों की मौत
28 जीएसटी कलेक्शन ने तोड़े सारे रिकॉर्ड,अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा
29 जम्मू-कश्मीर के सांबा में घुसपैठ की बड़ी साजिश नाकाम,मारा गया पाकिस्तानी घुसपैठिया
30 127 साल पुराना गोदरेज परिवार दो हिस्सों में विभाजित, समझौते पर हुए हस्ताक्षर
31 गोल्डी बरारः कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की मौत! दिनदहाड़े ताबड़तोड़ हुई फायरिंग
32 कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें,जब तक मोदी जिंदा है...धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने दूंगाःपीएम मोदी
33 दिल्ली एनसीआर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का सच आया सामने,ये धमकी पूरी तरह फर्जी निकली
34 कोविशील्डः कोविशील्ड से हुई मौत का मुआवजा देने की मांग,वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला
35 लोक सभा इलेक्शयंस 2024ः टीएमसी से बेहतर आप बीजेपी को वोट दो,चुनावी रैली में बोले कांग्रेस नेता अधीर रंजन
36 सच्चाई की जीत होगीःसेक्स स्कैंडल के आरोपों के बीच पूर्व पीएम देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना
37 केसीआर नहीं कर पाएंगे 48 घंटे चुनाव प्रचार,कांग्रेस पर विवादित टिप्पणी करने पर EC ने लिया एक्शन
38 भारत ने बनाया पाकिस्तानी हंगोर का काल,अब समुद्र में दुश्मन की पनडुब्बियों का स्मार्ट से बचना नामुमकिन
39 एसीबी का जयपुर में वन विभाग के कार्यालय पर छापा,5 कर्मियों के पास मिले 1.05 लाख रुपए
40 सुसाइड नहीं, पुलिस टॉर्चर से हुई मौत,अनुज थापन के घरवालों ने मुंबई पुलिस पर उठाए सवाल

एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग गोवा में शुरू भी हो चुकी है। फिल्म का नाम हैप्पी पटेल बताया जा रहा है। फिल्म में वह हैप्पी पटेल नाम के व्यक्ति का किरदार करेंगे। यह फिल्म इमरान की पुरानी फिल्मों के जैसी ही होगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का नया होगा।फिल्म को कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास निर्देशित करेंगे। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म होगी। वीर और इमरान इससे पहले फिल्म डेल्ही बेली में नजर आ चुके हैं। इस फिल्म में भी उनके मामा आमिर खान निर्माता थे। इमरान खान ने बतौर मुख्य अभिनेता फिल्म जाने तू या जाने ना से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं। फिल्म के रिलीज के साथ ही वह बॉलीवुड के नए चॉकलेटी ब्वॉय बन गए थे। हालांकि, फिल्मों को लेकर अपने चयन और लगातार फ्लॉप फिल्में देने की वजह से उनका करियर लंबा नहीं चल सका। वह आखिरी बार फिल्म कट्टी बट्टी में नजर आए थे। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ चर्चित अदाकारा कंगना रनौत भी नजर आई थीं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001,
RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।